


आई.एस.ओ. 9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...



● वर्ष- 16 अंक 236 ● कटनी ● गुरुवार, 29 सितम्बर, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● आश्विन शुक्ल पक्ष-4 ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935


## गरबा में गड़बड़! इंदौर से अहमदाबाद तक हंगामा

### पहचान छिपाकर पंडाल में घुसे युवकों को पीटा



**अहमदाबाद, एजेंसी।** गरबा में पहचान छिपाकर घुसने को लेकर बुधवार को इंदौर से अहमदाबाद तक हंगामा हुआ। एक तरफ इंदौर में बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने 7 मुस्लिम युवकों को पकड़कर पुलिस के हवाले किया तो दूसरी तरफ अहमदाबाद में कुछ युवकों को जमकर पीटा गया। इसका वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें बजरंग दल के कार्यकर्ता युवकों को पीटते नजर आ रहे हैं। कपड़े तक फाड़ दिए गए।अहमदाबाद के सिंधुभवन इलाके में एक पंडाल में बजरंग दल के कार्यकर्ता लोगों के पहचान पत्र जांच रहे थे। इस दौरान वहां कथित तौर पर पहुंचे 4 मुस्लिम युवकों को रोका गया। पहचान पत्र मांगे जाने पर तीन लड़के भाग गए। लेकिन बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने एक युवक को पकड़ लिया और उसे जमकर पीटा। वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि उसके कपड़े फाड़ दिए गए हैं। फिलहाल पुलिस को शिकायत नहीं दी गई है।

### इंदौर में भी 7 को पकड़ा

इसी तरह का एक मामला इंदौर में भी सामने आया है, जहां एक पंडाल में 7 मुस्लिम युवकों को बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने पकड़ा। बताया जा रहा है कि युवक अपना धर्म छिपाकर पंडाल में घुसे थे। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं का कहना है कि आरोपी लड़कियों का वीडियो बना रहे थे। शक होने पर जब पूछताछ की गई तो पता चला कि वे मुस्लिम है, जिनके लिए एंट्री बैन है। बजरंगियों ने आरोपी युवकों को पुलिस को सौंप दिया। पंढरीनात पुलिस ने केस दर्ज करके उन्हें गिरफ्तार कर लिया है।भाजपा सांसद साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर ने कहा है कि कोई भी गरबा पंडाल में जाते हैं तो उनका पहचान पत्र देखा जाए। मुस्लिम समुदाय के लोगों को वहां ना जाने दिया जाए। हम अपनी पूजा पद्धति को शुद्ध रखना चाहते हैं। किसी भी तरह मुस्लिम युवक वहां वर्जित होने चाहिए।

## शादीशुदा महिलाएं भी मैरिटल रेप पर अबॉर्शन करा सकेंगी:सुको



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को अबॉर्शन पर बड़ा फैसला दिया है। अदालत ने कहा कि सभी महिलाएं सेफ और लीगल अबॉर्शन की हकदार हैं। शादीशुदा और अविवाहित महिलाओं के बीच भेदभाव असंवैधानिक है। ऐसी प्रेग्नेंट महिलाएं जिनका मैरिटल रेप हुआ है, वे भी अबॉर्शन करा सकेंगी। अविवाहित महिलाओं को भी 20-24 हफ्ते के गर्भ को अबार्ट कराने की अधिकार है। कोर्ट ने कहा कि मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेग्नेंसी एक्ट में 2021 का संशोधन विवाहित और अविवाहित महिलाओं के बीच भेदभाव नहीं करता है।कोर्ट ने कहा कि ऐसी महिलाएं जो लिव-इन रिलेशनशिप से इतर प्रेग्नेंट हुई हैं, उन्हें मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेग्नेंसी रूल्स से बाहर करना असंवैधानिक है। अदालत ने यह भी कहा कि मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेग्नेंसी एक्ट के तहत रेप का मतलब मैरिटल रेप समेत होना चाहिए।अदालत ने आगे कहा कि विवाहित और अविवाहित महिलाओं के बीच भेद एक स्टीरियोटाइप को कायम रखता है कि केवल विवाहित महिलाएं ही यौन गतिविधियों में लिप्त होती हैं। किसी महिला की वैवाहिक स्थिति के आधार पर उससे अबॉर्शन का अधिकार नहीं छीना जा सकता। सिंगल और अविवाहित महिलाओं को प्रेग्नेंसी के 24 हफ्ते तक मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेग्नेंसी एक्ट के तहत अबॉर्शन का अधिकार है।अदालत ने कहा- मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेग्नेंसी एक्ट की धारा 3 (2) (बी) किसी महिला को 20-24 सप्ताह के बाद गर्भपात कराने की अनुमति देता है। इसलिए केवल विवाहित महिलाओं को अनुमति और अविवाहित महिला को न देना संविधान के अनुच्छेद 14 का उल्लंघन होगा।

## गहलोत पर नरम नहीं सोनिया!

# दिग्विजय बोले- कल भरूंगा अध्यक्ष पद का नामांकन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने कांग्रेस अध्यक्ष का चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया है। वह शुक्रवार को नामांकन दाखिल करने जा रहे हैं। उन्होंने गुरुवार को इस बात की जानकारी दी है। कहा जा रहा था कि सिंह पहले अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी और राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बीच बैठक का इंतजार करेंगे। गुरुवार को पत्रकारों से बातचीत के दौरान सिंह ने कहा, च्मैं आज फॉर्म लेने आया हूं, संभवतःकल नामांकन भरूंगा।ज इससे पहले उन्होंने मध्य प्रदेश के जबलपुर में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान साफ कर दिया था कि वह चुनाव नहीं लड़ने जा रहे हैं। हालांकि, उस दौरान भी उन्होंने आलाकमान के निर्देशों को मानने की बात कही थी।



### क्या कांग्रेस का प्लान बी है दिग्विजय की उम्मीदवारी?

खबरें थी कि राजस्थान संकट के बीच अधर में लटकी गहलोत की उम्मीदवारी के बाद सिंह को कांग्रेस ने स्टैंड बाय पर रखा था। कहा जा रहा था कि अगर अध्यक्ष चुनाव को लेकर सोनिया और गहलोत के बीच सहमति नहीं बनती है, तो पार्टी सिंह को शीर्ष पद के लिए मैदान में उतार सकती है। शुक्रवार को कांग्रेस प्रमुख चुना के लिए नामांकन का अंतिम दिन है।

### गहलोत पर दबाव की राजनीति!

कांग्रेस नेताओं का एक वर्ग मान रहा है कि सिंह को मैदान में उतारना गहलोत को लेकर दबाव की राजनीति का हिस्सा हो सकता है। इसके जरिए पार्टी यह संदेश देना चाहेगी कि वह सचिन पायलट के साथ अपनी जंग छोड़कर पार्टी प्रमुख के लिए तैयारी करें। सूत्रों ने यह भी बताया था कि राजस्थान में सियासी संकट के चलते ही सिंह अध्यक्ष पद की रेस में दोबारा शामिल हुए हैं।

### अब तक नहीं मिला सोनिया से मिलने का वक्त

रविवार को राजस्थान में हुए सियासी घटनाक्रम के बाद खबरें आई कि गहलोत नेताओं को सफाई दे रहे हैं और उन्होंने फोन पर सोनिया से भी बात की है। हालांकि, बुधवार रात से दिल्ली में हैं और उन्हें अब तक पार्टी अध्यक्ष से मुलाकात के लिए समय नहीं मिला है। गुरुवार को केसी वेणुगोपाल ने सोनिया से आवास पर जाकर चर्चा की थी। उसी दौरान मुकुल वासनिक भी गहलोत के साथ बैठक कर रहे थे।



## क्लर्क से प्रोफेसर तक PFI के एक्टिव मेंबर

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया पर प्रतिबंध लगने से पहले सुरक्षा एजेंसियों ने इस कट्टरपंथी संगठन से जुड़े होने के आरोप में जिन लोगों को गिरफ्तार किया है उनमें प्रोफेसर, लाइब्रेरियन, क्लर्क जैसे पदों पर काम करने वाले सरकारी कर्मचारी भी शामिल हैं। पीएफआई के अध्यक्ष ओएमए सलाम को भी गिरफ्तार किया गया था, जो कि केरल सरकार में एक कर्मचारी रह चुके हैं। उन्हें 2020 में निलंबित कर दिया गया था। इसके अलावा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ईएम अब्दुर रहमान कोचीन विश्वविद्यालय एक रिटायर्ड लाइब्रेरियन हैं। राष्ट्रीय सचिव वी पी नज़रुद्दीन जमात-ए-इस्लामी-हिंद के मुखपत्र मध्यमम के पूर्व क्लर्क हैं। ऐसे ही राष्ट्रीय कार्यकारी परिषद के सदस्य पी कोया कतर में एक निजी कंपनी के पूर्व कर्मचारी हैं। उन्होंने बाद में कोझीकोड के एक सरकारी कॉलेज में बतौर लेक्चरर काम किया। कर्नाटक से गिरफ्तार किए गए दो पीएफआई सदस्य अब्दुल वाहित सैत (राष्ट्रीय कार्यकारी परिषद सदस्य) और अनीस अहमद (राष्ट्रीय महासचिव) तकनीकी विशेषज्ञ रह चुके हैं। पीएफआई के संस्थापक सदस्य सैत एक संपन्न मुस्लिम परिवार से ताल्लुक रखते हैं और बेंगलुरु में रहते हैं। सैत टैली, ईआरपी और अन्य बिजनेस सॉफ्टवेयर के समाधानों के लिए काम करने वाली एक कंपनी चलाते हैं।


WORLD HEART DAY 29 SEP

USE ♥ TO CONNECT EVERY ♥

अपने हृदय की देखभाल करें

● संतुलित आहार ● धूम्रपान को नहीं ● नियमित व्यायाम, जीवन में अपनायें

यदि आप या आपके परिवारजन मधुमेह, उच्च रक्तचाप, मोटापे से पीड़ित हैं तो

नियमित हृदय परीक्षण करायें

हृदय रोग चिकित्सा विभाग

जबलपुर हॉस्पिटल एन्ड रिसर्च सेन्टर

— विशेषज्ञ चिकित्सक —

डॉ. उमेश अग्रवाल
DM (Cardiology)
सीनियर इन्टरवेंशनल कार्डियोलाजिस्ट

डॉ. नितिन दास
MS Mch (Cardiothoracic & Vascular Surgery)
सीनियर कार्डियोथोरेसिक एण्ड वेस्कुलर सर्जन

डॉ. भाविक धीरावाणी
MD DNB (Cardiology)
इन्टरवेंशनल कार्डियोलाजिस्ट

उपलब्ध चिकित्सा सुविधायें

● सम्पूर्ण हार्ट चेकअप ● उच्च रक्तचाप, मधुमेह संबंधी हृदय रोगों का उपचार ● एंजियोग्राफी ● एंजियोप्लास्टी ● बायपास सर्जरी ● हृदय के वाल्वों का उपचार/सर्जरी ● अनियमित धड़कन का उपचार ● 24 घंटे आकस्मिक चिकित्सा उपलब्ध

SAPNA

रसल क्रॉसिंग, नेपियर टाउन, जबलपुर- 482002 म.प्र.

फोन: 0761-4026000, 2450761-62, टोल फ्री नं. 18002332450

Email- jhrc_hrd@yahoo.co.in, Website- www.jabalpurhospital.com




श्री दुर्गा का चतुर्थ रूप श्री कूष्मांडा हैं। अपनी मन्द हंसी से अपने उदर से अण्ड अर्थात ब्रह्माण्ड को उत्पन्न करने के कारंण इन्हें कूष्माण्डा देवी के नाम से जाना जाता है। संस्कृत भाषा में कूष्माण्ड कूम्हडे को कहा जाता है, कूम्हडे की बलि इन्हें प्रिय है, इस कारण से भी इन्हें कूष्माण्डा के नाम से जाना जाता है। जब सृष्टि नहीं थी और चारों ओर अंधकार ही अंधकार था तब इन्होंने ईषत हास्य से ब्रह्माण्ड की रचना की थी। यह सृष्टि की आदिस्वरूपा हैं और आदिशक्ति भी।

इनकी आराधना का मंत्र है :

या देवी सर्वभूतेषु मां<br>
कूष्माण्डा रूपेण संस्थिता।<br>
नमस्तस्यै नमस्तस्यै<br>
नमस्तस्यै नमो नमः ।।




# मां की अगवानी के लिए सजा शहर

## कई स्थानों पर विराजीं दुर्गा प्रतिमाएं, सजावट से गली मोहल्ले तक रौनक, रामलीलाओं में उमड़ रही भीड़



बरगवां स्थित श्री भूमि प्रकट माँ शारदा माता मंदिर बरगवां कटनी मी माता की महाआरती व छप्पन भोग का आयोजन किया गया इस दौरान काफी संख्या में श्रद्धालुओं की मौजूदगी रही

**कटनी, यशभारत।** कटनी शहर मां जगतजननी की आगवानी के लिए सज रहा है। कई स्थानों पर सजावट पूरी हो चुकी है तो कई जगह यह अंतिम दौर में है। शहर में दो साल बाद नवरात्रि पर उत्साह चरम पर देखा जा सकता है। शहर के मध्य सुभाष चौक को चारों ओर से सजाया गया है। ठीक ऐसे ही कचहरी चौक में भी पूरे चौक में लाइटिंग अनूठी छटा बिखेरने के लिए तैयार है। गर्ग चौक से लेकर टिकियामल चौराहे तक सड़क के दोनों ओर सजावट जारी है। वहीं घंटाघर में तीन दुर्गा प्रतिमाएं आसपास रखीं गईं हैं। सराफ बाजार, रघुनाथ गंज से लेकर शेर चौक तक शहर में सजावट का सिलसिला करीब करीब अंतिम दौर में है। इस पूरे मार्ग में 5 दुर्गा प्रतिमाएं स्थापित की जा रही हैं। इसी तरह आजाद चौक में ओव्हर ब्रिज के नीचे चौराहे को सुंदरता दी जा रही है। सिर्फ यहीं नहीं आजाद चौक से लेकर मिशन चौक के बीच भी कई दुर्गा प्रतिमाएं स्थापित की



हर जगह सिर्फ और सिर्फ मां जगदंबा की भक्ति में शहर तल्लीन नजर आ रहा है। शहर में कुछ प्रमुख दुर्गा प्रतिमाएं स्थलों पर विरजित हो गई हैं जिसके दर्शन के लिए भी लोग पहुंचने लगे हैं। सुबह से देवी मढ़िया जल ढारने वाले भक्त गई हैं। शहर के साथ साथ उपनगरीय क्षेत्र एनकेजे, रोशन नगर, माधवनगर, कृषि उपज मंडी हाउसिंग बोर्ड, पीडब्लू डी कालोनी झिंझरी से लेकर कैलावारा फाटक खिरहनी तक नंगे पैर मां को सबसे पहले जल चढ़ाने के लिए आतुर नजर आ रहे हैं। रात तीन बजे ही शहर में कुछ ऐसा नजारा दिखता है मानों पूरा शहर रात भर जाग रहा हो। युवाओं श्रद्धालुओं की जल चढ़ाने वाली टोलिया शहर की प्रमुख मढ़िया जालपा देवी मढ़िया काली माता घंटाघर, शेरावाली अशोक कालोनी मरही माता रघुनाथ गंज स्थित मातारानी के मंदिरों में जल चढ़ाने के लिए पहुंच रहे हैं। आजाद चौक स्थित देवी माता को मुदिर अब आजाद चौक राम मंदिर मार्ग पर बन गया है यहां भी लोग चल चढ़ाने के लिए पहुंच रहे हैं। वेकट वार्ड की दखिखन माता मढ़िया माधवनगर की शेरावाली मढ़िया श्रद्धालुओं की आस्था से सराबोर हैं।घंटाघर और गोलबाजार में रामलीला में भीड़ दिख रही है।

## जगत के खेवनहार श्री राम के पैर धुला कर ही केवट ने पार कराई गंगा







श्रीराम जानकी हनुमान मंदिर रोशन नगर की सुंदर प्रतिमा



नवयुवक माँ दुर्गा उत्सव समिति, शिवमंदिर, एसकेपी कॉलोनी



श्री श्री 1008 दुर्गा पूजा उत्सव समिति गायत्री नगर



राजीव गांधी वार्ड क्रमांक 14 में निगम किराना रोड

# कटनी की सड़कों, यातायात आदि समस्या को लेकर दिलाया मंत्री का ध्यान

**कटनी, यशभारत।** भाजपा एक भारत श्रेष्ठ भारत नव निर्माण सेना मोदी फॉलोअर्स के प्रदेश अध्यक्ष संजय पटेल के निर्देशन में जिला उपाध्यक्ष निमेश कोरी ने नगरीय प्रशासन मंत्री भूपेंद्र सिंह ठाकुर को जिले में होने वाली समस्त अव्यवस्थाओं को लेकर अवगत करवाया है। कहा गया कि कटनी में चांडक चौक से घंटाघर तक सड़क से बड़े बड़े भारी वाहन निकलते हैं सड़को पर बड़े बड़े गड्ढे है धूल के गुबार से यहां के रहवासी परेशान हैं। नगर निगम कटनी चांडक चौक से मां जालपा पहुंच मार्ग वर्तमान में शहर का सर्वाधिक व्यस्त मार्ग है। जिसकी खस्ता हालत है। शहर में आधी आबादी इस मार्ग का उपयोग करती है। यहां पर सड़क



व्यवस्था को तुरंत दुरुस्त कराने की जरूरत है। यही हाल चाका बायपास कुठला मार्ग का भी है। कटनी के जनप्रतिनिधियों ने कई पत्राचार के माध्यम से अवगत करवाया गया है लेकिन नगर निगम के अधिकारियों के कान में जू तक नही रेंग रही। कटनी जिले में गांधी द्वार के सामने पार्किंग व्यवस्था हेतु दुरुस्त करने हेतु भी नगर निगम अधिकारियों को आवश्यक निर्देश प्रदान किये जाने की मांग की गई है। इसके अलावा यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने का आग्रह किया गया है। मझगवा फाटक गेट मे आये दिन जाम की स्थिति बनी रहती है। जिससे आमजनों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिससे वहां से निकलने वाले नागरिकों को समस्या का समाना करना पड़ रहा है।

# बेचारी नहीं, शक्ति का अवतार है नारी

**कटनी, यशभारत।** बेचारी नहीं शक्ति का अवतार है बेटियां उन्हें सशक्त करो समृद्ध करो उनका सम्मान करो उनको आगे आने के लिए सभी रास्ते आसान करो साल में दो बार कन्या पूजन से नहीं समाज बेटियों और कन्याओं के प्रति स्थाई तौर पर सम्मान के भाव भरेगा तभी देवी पूजन सार्थक होगी नवरात्रि पर्व का महत्व बेटियों के महत्व के पर्याय के रूप में जन जन के मन तक इस तरह जाना चाहिए कि फिर समाज में बेटियों के प्रति अपराध की कोई गुंजाइश ही ना रह जाए उक्त आशय के विचार सिविल लाइन स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में शारदेय नवरात्र अवसर पर संस्कारों की धरोहर बेटिया कार्यक्रम के अंतर्गत राजयोग केंद्र संचालिका बीके लक्ष्मी बहन ने व्यक्त किए कार्यक्रम का शुभारंभ 51 कन्याओं के तिलक चुनरी और ईश्वरीय सौगात भेंट कर किया गया इस अवसर पर मोना साहू लक्ष्मी जायसवाल संगीता जायसवाल रश्मि कुशवाहा डिम्पी श्रीवास मुस्कान मिश्रा पलक मिश्रा अंजलि रजक ने अपने विचार व्यक्त किए कार्यक्रम का समापन कन्या भोजन के साथ हुआ इस अवसर पर रानी शर्मा दुर्गा बहन नेहा बहन सुमन बहन ज्योति बहन चमन बहन शिवानी किरण नीतू का सहयोग रहा।



# जिला मुख्यालय में शासकीय मद की भूमि में अवैध कब्जे का खेल, राजस्व विभाग की चुप्पी पर उठ रहे सवाल

**कटनी, यशभारत।** जिला मुख्यालय में शासकीय मद की भूमि में अवैध कब्जे का खेल राजस्व विभाग की अनदेखी के चलते जारी है। ताजा मामला लाल बहादुर शास्त्री वार्ड क्रमांक तीन में गोठान की भूमि को अतिक्रमणकारियों के द्वारा निगलने का है। राजस्व विभाग के अधिकारियों की आंखें तब खुली, जब पार्षद सरला संतोष मिश्रा ने इसकी शिकायत कलेक्टर से की। मंगलवार को मौके पर तहसीलदार संदीप श्रीवास्तव अपने अमले के साथ पहुंचे। यहां पर इन्होंने पाया कि विवादित जमीन में निर्माण कार्य चल रहा है। जिस पर फिलहाल रोक लगा दी गई है। राजस्व अमले के सामने ही स्थानीय लोगों ने विरोध जताते हुए कहा कि शासकीय भूमि को बचाने का जिम्मा आरआई और पटवारी को शासन ने दे रखा है। इसके बावजूद यहां पर मकान निर्माण होना विभागीय कर्मचारियों की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लगा रहा है। कुठला स्थित शासकीय गोठान की जमीन पटवारी हल्का नंबर 50 खसरा नंबर 224/2 में श्रीकांत पिता चैतुराम पटेल के द्वारा भवन निर्माण किए जाने की शिकायत इसके पहले नगर निगम और तहसील कार्यालय को भी की गई थी।

कलेक्टर को सौंपे गए आवेदन पत्र में पार्षद ने शिकायत पर संतोषजनक कार्यवाही नहीं करते हुए क्षेत्र के राजस्व निरीक्षक और पटवारी की इस अवैध निर्माण में संलिप्त है। यहां तक की अवैध निर्माण में कार्यवाही नहीं होने से कब्जाधारियों के द्वारा दबंगदारी दिखाए जाने की भी शिकायत दर्ज कराई थी। शाम तक जारी हुआ आदेश, शासकीय भूमि का दिया है हवाला राजस्व अमला जैसे ही मैदान से लौटा। इस संबंध में अनुविभागीय अधिकारी के नाम एक पत्र भी जारी किया गया। जिसमें पार्षद श्रीमति सरला संतोष मिश्रा के शिकायत का हवाला देते हुए कहा गया है कि मौके पर निर्माण कार्य रुकवाया गया है। जांच में पाया गया कि खसरा नंबर 224/2 रकबा 0.700 हेक्टेयर भूमि नजूल भूमि है। पूर्व में तहसीलदार नजूल द्वारा उपरोक्त भूमि पर स्थगन आदेश जारी किया गया था। वर्तमान में 30 बाई 32 वर्गफुट पर निर्माण कार्य होता पाया गया। मौके पर श्रीकांत पटैल एवं उनके पिता चैतू लाल उपस्थित हुए। उनके द्वारा बताया गया कि तहसीलदार कटनी के आदेश पर ही मौके पर श्रीकांत काबिज है।

## कटनी के बार्डस्ले स्कूल प्राचार्य से ईडी की पूछताछ

**कटनी, यशभारत।** जेल में बंद बिशप पीसी सिंह के कारनामों के खुलासे के लिए आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो की टीम ने बुधवार को कटनी के वाडस्ले स्कूल के प्राचार्य अतुल अनुपम इब्राहिम और दमोह मिशन स्कूल के प्राचार्य को तलब किया। ईओडब्ल्यू की टीम ने लगभग पांच घंटे तक पूछताछ की। प्राचार्यों ने ईओडब्ल्यू की टीम को बताया कि हर साल उनके स्कूलों से बिशप पीसी सिंह पांच से 15 लाख रुपए लेता था। यह रकम क्यों ली जा रही है, इसके बारे में पूछने का अधिकार किसी के पास नहीं था।

# पाटी के कार्य, व्यवहार, आचार विचार से जनमानस को परिचित कराया जाएगा

### भाजपा का बुद्धजीवी सम्मेलन कल जिला कार्यालय में होगा


**कटनी, यशभारत।** देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 72वें जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित सेवा पखवाड़े के विभिन्न कार्यक्रमों के अंतर्गत भाजपा द्वारा शुक्रवार, 30 सितंबर को दोपहर 3.00 बजे से जिला कार्यालय में बुद्धिजीवी सम्मेलन का आयोजन किया गया है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद, जिला प्रभारी संजय साहू के निर्देशन एवं जिलाध्यक्ष रामरतन पायल के मार्गदर्शन में कटनी में आयोजित उक्त सम्मेलन को मुख्य वक्ता के रूप में पर्यटन विकास निगम मध्य प्रदेश के अध्यक्ष विनोद गोंटियासंबोधित करेंगे। बुद्धिजीवी सम्मेलन में प्रधानमंत्रीनरेन्द्र मोदी के 20 वर्षों की सामाजिक एवं राजनीतिक सेवा कार्यो पर प्रकाश डालते हुए मुख्यत: भारतीय जनता पार्टी के कार्य, व्यवहार, आचार विचार से जनमानस को परिचित कराया जाएगा। भाजपा कटनी के समस्त कार्यकर्ता, जिले के सभी पदाधिकारियों सहित समस्त मोर्चा, प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों सहित नगर के गणमान्य बुद्धिजीवी, शिक्षक, व्यापारी, चिकित्सक, अधिवक्ता एवं विद्यार्थियों से दोपहर 3.00 बजे भाजपा जिला कार्यालय में पहुंचकर उक्त आयोजन को सफल बनाने में अपना सहयोग प्रदान करने की अपील की गई है।

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 4 शो ता. 30 से
दोपहर 12.45, 3.15,7 एवं रात्रि 9.45 बजे से



विक्रम वेधा
कलाकार- रितिक रोशन, सैफअली खान, राधिका आप्टे, रोहित सराफ आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 4 शो ता. 30 से
दोपहर 12.15, 3.45,6.30 एवं रात्रि 10 बजे से




PS-1
कलाकार- एश्वर्या राय बच्चन, विक्रम जयम रबि, प्रभु आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

### आम सूचना

सर्व संबंधित को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र शिवांक पमरे सी से स्कूल एनकेजे में कक्षा 9वीं में अध्ययनरत है। जिसके शाला अभिलेख में सिर्फ शिवांक दर्ज है तथा माता के नाम में रिंकी दर्ज है। अतः सर्व संबंधित को सूचनार्थ है कि समस्त रिकार्ड अनुसार पुत्र शिवांक यादव व बच्चे के मां का नाम रिंकी यादव मान्य किया जावे।

निवेदक
प्रमोद कुमार यादव

नीरज सिनेप्लेक्स में




ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 3 शो ता. 30 से
12,3 एवं सायं 6 बजे से
विक्रम वेधा
कलाकार- ऋतिक रोशन, सैफ अली खान, राधिका आप्टे, रोहित सराफ आदि।
टिकट दर
बालकनी क्लास- 80/- लोवर क्लास-50/-

# चार दिन बाद दो ट्रेन शुरू

**कटनी, यशभारत।** चार दिन तक बंद रही गाड़ी संख्या 22161/22162 भोपाल--दमोह राज्यरानी एक्सप्रेस मंगलवार शाम से दोबारा शुरू हो गई है। इसके साथ ही गाडी संख्या 11271/11272 विंध्याचल एक्सप्रेस भी शुरू कर दी गई है। यह दोनों गाड़ियां मंगलवार शाम को भोपाल स्टेशन से गंतव्य के लिए रवाना हुई। दरअसल रेलवे ने जबलपुर मंडल के कटनी--बीना रेलखंड पर तीसरी लाइन को जोड़ने के लिए नरयावली स्टेशन पर प्री नॉन/नॉन इंटर लॉकिंग काम के चलते इन गाड़ियों को निरस्त किया था। रेलवे के अनुसार इन दोनों गाड़ियों के अलावा लंबी दूरी की भी सभी ट्रेनें अपने निर्धारित समय से बीना--कटनी रूट पर चल रहीं हैं। रेल प्रशासन द्वारा अतिरिक्त यात्री यातायात को क्लियर करने एवं यात्रियों की सुविधा के लिए गाड़ी संख्या 19711/19712 जयपुर-भोपाल-जयपुर एक्सप्रेस में एक शयनयान श्रेणी का अतिरिक्त कोच लगाने का निर्णय लिया गया है। यह अतिरिक्त कोच गाड़ी संख्या 19711 जयपुर-भोपाल एक्सप्रेस में जयपुर स्टेशन से 27 व 29 सितंबर एवं गाड़ी संख्या 19712 भोपाल-जयपुर एक्सप्रेस में भोपाल स्टेशन से 28 व 30 सितंबर तक जोड़ा जाएगा।



यश भारत
सफलता के 15 वर्ष पूर्ण
# सिटी न्यूज
कटनी, गुरूवार, 29 सितंबर 2022

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT -Epaper

**आज चतुर्थी : या देवी सर्वभूतेषु मातृरूपेण संस्थिता, नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नम:॥**


पुरूष मंडल दुर्गोत्सव समिति, राजीव गांधी वार्ड।


काली माता मंदिर दुर्गा उत्सव समिति, प्रेम नगर।


अधारकाप निवासी ओम बर्मन ने खुद बनाई दुर्गा प्रतिमा।

## मरही माता मंदिर में दर्शन के लिए उमड़ रहे भक्त

### रोजाना शाम को महाआरती का आयोजन, 3 अक्टूबर को पूर्णाहूति हवन व भंडारा, 4 अक्टूबर को विसर्जित होंगे जवारे



**कटनी, यशभारत।** आदिशक्ति जगतजननी मां दुर्गा की शक्ति आराधना के महापर्व शारदेय नवरात्र की धूम शनैः शनैः पूरे शहर में नजर आ रही है। मंदिरों में मातारानी के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ रही है। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में इस समय लोग मातरानी की भक्ति में लीन नजर आ रहे हैं। इसी क्रम में चंद्रशेखर आजाद वार्ड के बावली टोला स्थित मरही माता मंदिर में भी नवरात्र पर्व पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंचकर मातारानी के दर्शन कर पुण्यलाभ अर्जित कर रहे। मंदिर के पुजारी बद्री पंडा ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी मरही माता मंदिर में शारदेय नवरात्र की बैठकी पर कलश स्थापना के साथ ही जवारा बोए गए हैं। यहां रोजाना रात को महाआरती का आयोजन किया जा रहा है, जिसमे क्षेत्र के साथ ही आसपास के लोग शामिल हो रहे। पुजारी बद्री पंडा ने बताया कि नवरात्र पर्व की अष्टमी पर 3 अक्टूबर को सुबह 11 बजे से पूर्णाहूति हवन का आयोजन किया गया है, इसके उपरांत दोपहर 2 बजे से कन्या भोजन एवं विशाल भंडारा आयोजित किया गया है। जवारों का विसर्जन नवरात्र पर्व की नवमी पर 4 अक्टूबर को किया जाएगा। मरही माता मंदिर से शाम 7 बजे जवारा विसर्जन जुलूस शुरू होगा, जो आजाद चौक होते कटनी नदी पहुंचकर समाप्त होगा। यहां भक्तिभाव के बीच जवारों का विसर्जन किया जाएगा। मंदिर समिति ने सभी भक्तों से आयोजन में शामिल होकर पुण्यलाभ अर्जित करने का आग्रह किया है।

### नीम के पेड़ की जड़ से प्रगट हुई थी माता





पुजारी बद्री पंडा के अनुसार यहां पर करीब दो दशक पहले नीम के पेड़ की जड़ से माता प्रगट हुई थी, जिसके बाद उनके पूर्वज सुखदेव प्रसाद बर्मन द्वारा यहां माता के मंदिर का निर्माण सभी के सहयोग से किया गया, तभी से उनका पूरा परिवार माता की सेवा और भक्ति में लीन है। उनके बुजुर्गों ने माता की सेवा का जो सिलसिला शुरू किया था, वो आज भी अनवरत जारी है। मरही माता मंदिर में विराजी डेढ़ सौ वर्ष पुरानी प्रतिमा के दर्शन करने श्रद्धालु 12 महीने सुबह-शाम यहां आते हैं। ऐसी मान्यता है कि मंदिर आने वाले हर भक्त की पुकार माता रानी सुनकर पूर्ण करती हैं। नवरात्र में रोजाना मंदिर में महाआरती एवं भजन कीर्तन का सिलसिला जारी रहता है।

## आदिशक्ति मंदिर समदड़िया सिटी में नवरात्र की धूम

### प्रतिदिन हो रहे विविध कार्यक्रम, 1 अक्टूबर को माता की चौकी




**कटनी, यशभारत।** उपनगरीय क्षेत्र माधवनगर समदड़िया सिटी स्थित श्री आदिशक्ति मंदिर में शारदेय नवरात्र के पावन पर्व के अवसर पर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। यहां 28 सितंबर को बैठकी के दिन जवारा बोकर व कलश स्थापना करते हुए मां दुर्गा की विशेष पूजा अर्चना की गई। यहां प्रतिदिन सुबह शाम पूजा अर्चना के साथ ही आरती की जा रही है। जिसमे कॉलोनी के लोगों के साथ ही आसपास के श्रद्धालु बड़ी संख्या में सम्मिलित हो रहे हैं। इसी क्रम में शनिवार 1 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे से माता की चौकी का आयोजन किया गया है। 4 अक्टूबर को मंगलवार को प्रातः 10 बजे से हवन एवं दोपहर 3 बजे से विर्सजन किया जाएगा। 5 अक्टूबर बुधवार दोपहर 12 बजे से विशाल भंडारा आयोजित किया गया है। आदिशक्ति मंदिर समिति ने समस्त श्रद्धालुओं से कार्यक्रमों में पहुंचकर पुण्यलाभ अर्जित करने का आग्रह किया है।



## राजस्थानी समाज के मेधावी छात्रों का सम्मान

### मदनमोहन शर्मा की स्मृति में शर्मा परिवार की अनुकरणीय पहल

**कटनी, यशभारत।** महाराजा अग्रसेन जयंती के अवसर पर राजस्थान समाज के प्रतिभाशाली बच्चों का सम्मान जनपद सभा के पूर्व अध्यक्ष मदनमोहन शर्मा की स्मृति में उनके पुत्र एवं पुत्रवधु मीना शर्मा एवं गोपाल शर्मा द्वारा राजस्थान महिला मण्डल द्वारा राहुल बाग में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों के दौरान किया गया। इस अवसर पर समाज के10वी, 12 वी बोर्ड परीक्षाओं में 80 प्रतिशत सेअधिक अंक प्राप्त करने वाले बच्चों, सीए, इंजीनियर, एमबीए, खेल एवं अन्य क्षेत्रों में विशेष स्थान प्राप्त करने वाले सभी बच्चों को शानदार सम्मान पत्र एवं व्यक्तिगत पुरुष्कार देकर सम्मानित किया गया, जो कि राजस्थान विवाह भवन ट्रस्ट कमेटी के सचिव भगवान दास माहेश्वरी, समाजसेवी गोपाल शर्मा, महिला मंडल की मुख्य मार्गदर्शक श्रीमती संगीता बजाज, श्रीमती मीना शर्मा, श्रीमती सोनाली शर्मा एवं श्रीमती खुशबू शर्मा ने प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन नवयुवक मंडल अध्यक्ष गोपाल सिंघानिया ने किया। इस अवसर पर 10 वी में चिराग अग्रवाल, कार्तिक अग्रवाल, श्रेष्ठ अग्रवाल, 12 वी में परिधि बजाज, जयश्री सोमानी, इशिका सेक्सरिया, अनिष्का सरावगी, यशश्री शर्मा, अक्षय भगेरिया, सक्षम अग्रवाल, अविदित गौर, अंशिता सरावगी, सीए अरुणाभ शर्मा, इंजीनियरिंग में आयुष भगेरिया, साक्षी अग्रवाल, अन्य श्रीमती महक सरावगी, पार्थ मित्तल, एमबीए तनय अग्रवाल, यश अग्रवाल का सम्मान किया गया। समारोह में सराहनीय सहयोग के लिए गोपाल सिंघानियां एवं फोटोग्राफर श्री प्रकाश जायसवाल को भी सम्मानित किया गया।

### जय स्तंभ के पास लगा कचरे का ढेर


फॉरेस्टर प्लेग्राउण्ड में स्थित जय स्तंभ के पास पिछले कई दिनों से कचरे का ढेर लगा हुआ है। बताया जाता है कि चौपाटी के दुकानदारों द्वारा दुकानों से निकलने वाला कचरा ग्राउण्ड की बाउण्ड्रीवॉल से जय स्तंभ के पास फेंका जा रहा है। नगर निगम प्रशासन को इस ओर ध्यान देना चाहिए।

## सांस्कृतिक कार्य एवं कलाओं में निपुण 100 छात्रों का शासकीय विद्यालयों में पंजीयन




महिला सशक्तिकरण प्रतियोगिता में हिस्सा लिया छात्रों ने

**विजयराघवगढ़, यशभारत।** नेहरू युवा केन्द्र कटनी के सघन पंजीयन कार्यक्रम के तहत विजयराघवगढ़ के शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय, शासकीय मॉडल विद्यालय एवं चित्रांश आईटीआई विजयराघवगढ़ के अंतर्गत ऐसे छात्र-छात्रा जो अनेक कलाओं एवं सांस्कृतिक कार्य में निपुण है, उनका नेहरु युवा केन्द्र में पंजीयन किया गया है, जिसमें 100 से अधिक नवयुवकों ने पंजीयन कराया, साथ ही स्वयंसेवक सक्रियता प्लान योजना के तहत उत्कृष्ट विद्यालय एवं मॉडल विद्यालय विजयराघवगढ़ में पर्यावरण और महिला सशक्तिकरण में प्रतियोगिता भी रखी गयी, जिसमे छात्र छात्राओ ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। विद्यालय के शिक्षकों के उपस्थित में एवं पूर्व राष्ट्रीय स्वयंसेवक आदित्य दुबे के साथ केंद्र के द्वारा प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले युवाओं को पुरुस्कार भी किया गया।

## स्लीमनाबाद में रासलीला देखने उमड़ रहे लोग

### वृंदावन धाम से आई रासलीला, श्रीकृष्ण की लीलाओं का हो रहा शानदार मंचन



**कटनी, यशभारत।** नवरात्रि पर्व पर इस वर्ष भी स्लीमनाबाद में नवगठित पंचायत व गणमान्य जनों द्वारा दुर्गोत्सव पर्व के अवसर पर वृंदावन धाम से रासलीला बुलाई गई गई है, जहां वृंदावन धाम के कलाकारों के द्वारा भगवान श्री कृष्ण की लीलाओं का मंचन किया जा रहा है। नवरात्रि के प्रथम दिवस स्लीमनाबाद में वृंदावन धाम से आई राधा राजेश्वरी रासलीला मंडल के द्वारा नवरात्रि के प्रथम दिवस से रासलीला आरंभ हुई है, जहां पर ठाकुर महाराज की विधि विधान पूर्वक पूजन अर्चन किया गया, उसके पश्चात मथुरा के राजा उग्रसेन प्रसंग से कार्यक्रम आरंभ हुआ।

राजा उग्रसेन द्वारा जब राजसूय यज्ञ कराया जा रहा था, उसी दौरान उनके पुत्र कंस ने उसे विध्वंस करते हुए राजा उग्रसेन को बंदी गृह में डालते हुए मथुरा पर विराजमान हो गया और राजगद्दी पर बैठते है। अत्याचार और अनाचार करने लगा। राजा कृष्ण के अत्याचार से लोग बहुत दुखी और परेशान हो गए। रासलीला में दूसरे दिन राजा कंस के अत्याचार देवकी वसुदेव विवाह और उनके पुत्रों की हत्या करना जैसे प्रसंग हुआ तीसरे दिन भगवान श्री कृष्ण के कारागृह में जन्म होने के प्रसंग के साथ ही नंद देव जी नन्हे लाल को लेकर वृंदावन पहुंच गए वृंदावन पहुंचते ही वृंदावन धाम में भगवान के जन्म का संदेश सुनते ही वहां हर्ष और उल्लास का माहौल बन गया और नंद घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की जय कारे के साथ पूरा मंच गुंजायमान हो गया। स्लीमनाबाद नगर में चल रहे रासलीला उत्सव में रवि दुबे सरपंच, संगीता महोबिया, गुड्डन सिंह, रतन गुप्ता, जितेंद्र सिंह, मुकेश सिंह, जीतू दुबे, केशव दुबे, अखिलेश्वर शुक्ला, काशीराम बेन, सुरेंद्र सिंह, नरेंद्र सिंह, सुदेश अग्रहरी, निर्मल सिंह, संदीप सैनी सहित ग्रामीण जनों की मौजूदगी रही।

### बारडोली उत्सव समिति द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन 3 अक्टूबर को

**कटनी, यशभारत।** शहर की सामाजिक, सांस्कृतिक संस्था बारडोली उत्सव समिति द्वारा आदिशक्ति जगत जननी मां दुर्गा की शक्ति आराधना के महापर्व शारदेय नवरात्र के पावन अवसर पर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी अष्टमी के दिन सोमवार 3 अक्टूबर को रात 8 बजे से आजाद चौक में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है। बारडोली उत्सव समिति ने शहर के समस्त श्रद्धालुओं से विशाल भंडारे में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण करने का आग्रह किया है।

## नवरात्र पर्व पर इस बार भी जनाकर्षण का केन्द्र रहेगा अल्फर्टगंज

### आकर्षक साज-सजावट के साथ स्थापित होगी लाक की प्रतिमा



**कटनी, यशभारत।** दुर्गोत्सव पर्व पर चलित झांकी के साथ ही लाक की प्रतिमा स्थापित करने के लिए शहर में अपनी एक अलग पहचान बना चुकी बाल समाज दुर्गा उत्सव समिति द्वारा इस वर्ष भी भव्य एवं आकर्षक प्रतिमा स्थापित की जा रही है। समिति द्वारा अल्फर्टगंज में दुर्गा पूजन एवं दुर्गा स्थापना 71 वर्षों से की जा रही है। इस वर्ष भी भव्य स्थापना, पंडाल, सजावट, लाक के कार्य शहर में प्रस्तुत करती आ रही है। इस वर्ष भी भव्य तरीके से दुर्गा स्थापना करने जा रही है। समिति से जुड़े अवध प्रसाद पाण्डेय ने बताया कि समिति का गठन किया गया है, जिसमे कार्यकारिणी में अम्बिका प्रसाद पाण्डेय, गोपालशरण विश्वकर्मा, मन्नू बजाज, वेंकट खंडेलवाल, गोविन्द्र विश्वकर्मा, मनोज विश्वकर्मा, आदर्श जायसवाल, प्रकाश पाण्डेय, डब्बू विश्वकर्मा, ओम चौरसिया, छिन्दू सरदार, हरीश गुजराती, अवध पाण्डेय, प्रेमलाल यादव, राजकुमार कोहली, अशोक यादव, रूची शुक्ला, बल्लू जैन, राजू जैन, शिब्बू साहू, अनुज विश्वकर्मा, अमित विश्वकर्मा, अक्षत जैन, अनुज तिवारी, ओम पाण्डेय, राजेश सचदेव शामिल है।

## बहोरीबंद में आम आदमी पार्टी का जनसंवाद कार्यक्रम

कटनी, यशभारत। बहोरीबंद एवं विजयराघवगढ़ विधानसभा में आम आदमी पार्टी का जनसंवाद कायक्रम संपन्न हुआ। बहोरीबंद विधानसभा में विधानसभा अध्यक्ष आफत लाल यादव एवं विधानसभा पर्यवेक्षक गुप्तेश्वर साहू के मार्गदर्शन में कार्यक्रम संपन्न हुआ प्रभारी माजिद खान एवं पर्यवेक्षक सरदार कुलदीप सिंह के मार्गदर्शन में आम आदमी पार्टी का जन संवाद कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने आप की सदस्यता ली। बहोरीबंद एवं विजयराघौगढ़ विधानसभा में विधानसभा प्रभारियों एवं पर्यवेक्षकों ने आम आदमी पार्टी की विचारधारा से लोगों को अवगत कराया और क्षेत्र में व्याप्त समस्याओं के निराकरण के लिए आगामी समय में आंदोलन प्रदर्शन की योजना तैयार की दोनों संवाद कार्यक्रमों में जिलाध्यक्ष सुनील मिश्रा सम्मिलित हुए। सुनील मिश्रा ने कहा कि जो आम आदमी पार्टी के आवाहन पर केजरीवाल जी के नेतृत्व में मेक इंडिया नंबर वन अभियान चलाया जा रहा है। यह भारत देश विश्व का सर्वश्रेष्ठ देश तभी बन सकता है, जब हिंदुस्तान के हर आमजन को उच्च क्वालिटी की शिक्षा उच्च क्वालिटी का इलाज और मूलभूत बिजली और पानी जैसी सुविधाएं शासन स्तर पर उच्च क्वालिटी की रियायत धर्म पर प्रदान की जाएंगी देश में युवाओं को रोजगार मिलेगा महिलाओं की सुरक्षा पर सरकारी काम करेंगी। इस अवसर पर मोनू रजक, अमित लोधी, दीपक लोधी, जमील खान, दीपक राजपूत, अजय यादव, अरविंद कॉल, सूर्य प्रकाश लोधी, उमाशंकर पटेल, धन्य कुमार पटेल, ललित दुबे, डॉ बृजेंद्रसोनी, अंकित चौधरी, शिवनाथ दान सिंह लोधी, सुरेंद्र दास, विवेक सिंह बघेल, पूरन लाल दुबे, श्रीकांत मिश्रा, विनोद गुप्ता, श्रीकांत गुप्ता उपस्थित रहे।

**किराये से देना है**
सिंगल रूम अटैच 3000 प्रतिव्यक्ति,
22 बाई 50 का हॉल सर्विस वालों एवं ऑफिस,
बैंक, कार्यालय गोदाम के लिए
पता-बीजेपी कार्यालय के सामने, जबलपुर रोड
बरगवां, कटनी (म.प्र.) मो. 8109417340

**Required**
An Office Assistant Boy & Girl who must be Graduate, Having the knowledge of English Language, Computer Operations, MS-Excel and Busy Accounting Software. Strictly Only those persons apply who are fulfilling above all critaria to.
M/s RK Dall & Food Products Katni Pvt. Ltd,
MadhavnagarKatni Mo. 9827261961
Email - rk.katni@gmail.com

mgm HOSPITAL We Care with Care
कटनी की पहली और एकमात्र
एम.आर.आई. जाँच सेंटर
एमजीएम हॉस्पिटल में अब सीटी स्कैन के साथ, एमआरआई जाँच की सुविधा उपलब्ध है।
24X7 HELPLINE NUMBER 07622-405070
एम.जी.एम. हॉस्पिटल, कटनी (म.प्र.)
Web- www.mgmhospitalkatni.com, email- info@mgmhospitalkatni.com

Tuesday Offer
@99/- Available On
All Seats Except Recliners
CINEWORLDZ CINEMA KATNI by CMW
Mittal MALL
Paytm
book my show
From 30th September 2022




4:00 PM 6:45 PM 9:30 PM 3D
10:15 PM 1:00 PM 3:30 PM 7:00 PM 9:15 PM 2D




1:10 PM 3:15 PM 6:15 PM 9:55 PM



10:00 AM 12:30 PM
TIMINGS MAY CHANGE FOR CURRENT UPDATE VISIT ON BOOK MY SHOW & PAYTM
2nd Floor, Mittal Mall, Beside Mittal Enclave, Collectorate Road, Katni M.P.
Contact No. 9993123830

# भोपाल में अगर कम नहीं हुआ बच्चों के कंधों से बोझ

## तो भरना पड़ सकता है स्कूलों को जुर्माना, 1 अक्टूबर से शुरू होगा अभियान

भोपाल,यशभारत। राजधानी भोपाल में स्कूल सिक्षा विभाग ने स्कूलों के प्रति कड़ा कदम उठाया है। बच्चें जो बैग स्कूल को लेकर जाते है उनके बोझ को कम करने के लिए पहले ही निर्देश जारी कर दिए गए थे। लेकिन देखा जा रहा है कि अभी भी कई स्कूल ऐसे है जहां बच्चे भारी भरकम बैग लेकर स्कूल जा रहे है। दरअसल कई शिकायतों के दर्ज होने के बाद इसे लेकर अब विभाग सक्त कार्रवाई करने जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार 1 अक्टूबर से विभाग एक अभियान शुरू करने जा रहा है। जिसके तहत निर्धारित वजन से ज्यादा बैग का वजन मिलने पर स्कूल को भारी भरकम जुर्माना भरना पड़ेगा। भोपाल के किसी भी सरकारी या गैर सरकारी स्कूल में अब 1 अक्टूबर से बस्तों के वजन तौलें जाएंगे। बताया जा रहा है कि यह काम स्कूल शिक्षा विभाग और बाल संरक्षण आयोग के सदस्य मिलकर करेंगे।



इस टीम में कुल 4 सदस्य शामिल होंगे, जो 1 दिन में 3 स्कूलों का औचक निरीक्षण करेंगे। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन की दृष्टि से मानव संसाधन विकास मंत्रालय, स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग भारत सरकार के परिपत्र द्वारा जारी 'स्कूल बैग पॉलिसी 2020' के अनुपालन के तहत राज्य में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए यह दिशानिर्देश जारी किए गए हैं।

वहीं इनमें एक स्कूल सरकारी, एक एमपी बोर्ड से मान्यता प्राप्त गैर सरकारी और एक सीबीएसई स्कूल शामिल रहेगा। इसे लेकर डीईओ नितिन सक्सेना ने कहा कि निरीक्षण के दौरान यदि बस्ते का वजन तय मापदंड से अधिक निकला तो स्कूल के ऊपर 50 हजार रुपए से लेकर 4 लाख रुपए तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। बता दें कि मध्य प्रदेश में सभी स्कूलों में विद्यार्थियों के लिए कक्षावार पुस्तकों का वजन निर्धारित कर दिया गया है, जिससे उन्हें भारी भरकम बस्तों से राहत मिलेगी।

# राजधानी में सिटी बसों में सक्रिय है महिला जेबकट गिरोह

## सीसीटीवी में कैद हुई वारदात

**भोपाल, यशभारत।** शहर में यात्रियों को सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित लोक परिवहन सेवा देने के लिए चलाई जा रहीं बीसीएलएल की सिटी बसों में शातिर महिला जेबकट गिरोह सक्रिय है। इसका खुलासा बसों में लगेसीसीटीवी कैमरों से हुआ है। दरअसल वारदात को अंजाम देते हुए कुछ महिलाएं कैमरे में कैद हो गई हैं, जिसके फुटेज नगर निगम द्वारा जारी किए गए हैं। बता दें कि केंद्र एवं राज्य सरकार की अमृत योजना के तहत नगर निगम भोपाल के अधीन काम करने वाली लोक परिवहन कंपनी भोपाल सिटी लिंक लिमिटेड द्वारा 21 मार्गों पर लगभग 315 नगरीय बसों का संचालन किया जा रहा है।भोपाल सिटी लिंक लिमिटेड के काल सेंटर पर प्राप्त शिकायतों के आधार पर बसों में लगे हुए सीसीटीवी कैमरों की गहन जांच की। इसमें पता चला कि एक महीने से चार से पांच महिलाओं का जेब काटने वाला गिरोह नगरीय बसों में सक्रिय है। इनके द्वारा बसों में चोरी एवं जेब काटन की वारदात को अंजाम दिया जा रहा है। इनके अलावा पुरुष गिरोह भी निरंतर सक्रिय है। पहला मामला दो सितंबर को सामने आया था, जब मार्ग एसआर-पांच की सिटी बस क्रमांक एमपी 04 पीए 3919 शाम पौने छह से छह के मध्य महिला पुलिसकर्मी ज्योत्सना शर्मा सिविल ड्रेस में सफर कर रहीं थी। महिला गिरोह द्वारा चलती बस में उन्?हीं का पर्स चोरी कर लिया गया।

# सरकार ने PFI और सहयोगी संगठनों पर कार्रवाई करने अधिसूचना जारी की

**भोपाल, यशभारत। राज्य शासन ने गजट नोटिफिकेशन जारी कर इंदौर एवं भोपाल के पुलिस कमिश्नर और जिलों के पुलिस अधिकारियों को पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) एवं सहयोगी संगठनों के विरुद्ध यूएपीए में कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।**

अपर मुख्य सचिव गृह डॉ. राजेश राजौरा ने बताया है कि केन्द्र सरकार ने पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया और इसके सहयोगी संगठन रिहैब इंडिया फाउंडेशन (आरआईएफ), कैंपस फ्रंट ऑफ इंडिया (सीएफआई), ऑल इंडिया इमाम्स काउंसिल (एआईआईसी), नेशनल कन्फेडरेशन ऑफ ह्यूमन राइट्स ऑर्गेनाइजेशन, नेशनल विमेन फ्रंट, जूनियर फ्रंट, एंपावर इंडिया फाउंडेशन तथा रिहैब फाउंडेशन केरल को विधि-विरुद्ध क्रिया-कलाप (निवारण) अधिनियम 1967 (क्क) अंतर्गत प्रतिबंधित कर दिया है। एसीएस डॉ. राजौरा ने बताया कि केन्द्र सरकार की अधिसूचना दिनांक 27 एवं 28 सितम्बर 2022 के क्रम में मध्यप्रदेश में इंदौर और भोपाल के पुलिस आयुक्तों और समस्त ज़िला मजिस्ट्रेट को अपने क्षेत्राधिकार में उक्त



## M P पुलिस को अलर्ट किया

अधिनियम की धारा 7 और 8 के अधिकारों के उपयोग के लिए अधिकृत करने संबंधी अधिसूचना गृह विभाग, म.प्र. शासन द्वारा राजपत्र में प्रकाशित कर जारी की गई है।

पुलिस मुख्यालय ने जिलों को किया अलर्ट

पीएफआई पर प्रतिबंध के बाद प्रदेश में पुलिस को अलर्ट रहने को कहा है। पुलिस मुख्यालय की तरफ से इंदौर और भोपाल में पुलिस आयुक्त और अन्य जिलों में एसपी को इस संबंध में निर्देश दिए हैं। पीएफआई की सक्रियता ज्यादा होने वाले जिलों को ज्यादा अलर्ट रहने को कहा गया है। इनमें इंदौर, उज्जैन, खंडवा, मंदसौर, श्योपुर, नीमच और भोपाल शामिल हैं। ऐसी आशंका है कि पीएफआई से जुड़े लोग विरोध प्रदर्शन कर सकते हैं।

भोपाल में एनसीएचआरओ का कार्यालय सील

उज्जैन में पीएफआई के दफ्तर सील करने के बाद राजधानी भोपाल में रॉयल मार्केट पठार वाली गली में संचालित पीएफआई के अनुषांगिक संगठन नेशनल कन्फेडरेशन ऑफ ह्यूमन राइट आर्गेनाइजेशन (एनसीएचआरओ) को सील किया गया। इंदौर के बाद पुलिस उज्जैन में पीएफआई के दफ्तर पहुंची। यहां पर दस्तावेज जब्त कर दफ्तर सील करने की कार्रवाई की। इसके बाद पुलिस ने राजधानी भोपाल में रॉयल मार्केट पठार वाली गली में संचालित पीएफआई के अनुषांगिक संगठन नेशनल कन्फेडरेशन ऑफ ह्यूमन राइट आर्गेनाइजेशन को सील कर दिया।प्रदेश के मालवा क्षेत्र में पहले सिमी ने अपना नेटवर्क फैलाया था। इस पर प्रतिबंध के बाद पीएफआई भी इसी क्षेत्र में अपने नेटवर्क का विस्तार कर रहा था। उज्जैन और इंदौर में पीएफआई की सक्रियता लंबे समय थी। हाल ही में खरगोन में दंगों में भी पीएफआई का नाम सामने आया था। उज्जैन में 17 फरवरी 2021 को पीएफआई के संगठन के पदाधिकारियों ने अपना स्थापना दिवस मनाया था और आपत्तिजनक नारे भी लगाए थे।

बता दें एनआईए और मध्य प्रदेश एटीएस ने 22 सितंबर को इंदौर और उज्जैन में छापेमारी कर पीएफआई से जुड़े चार नेताओं को गिरफ्तार किया था। इसके बाद 27 सितंबर को एनआईए और एमपी एटीएस के इनपुट पर प्रदेश पुलिस ने प्रदेश के 8 जिलों में छापेमारी की। इसमें इंदौर, भोपाल, उज्जैन, नीमच, राजगढ़, गुना, श्योपुर, शाजापुर से 21 पीएफआई और उसे जुड़े संगठनों के पदाधिकारियों को गिरफ्तार किया है।



# राष्ट्रीय पर्यटन पुरस्कार में मध्य प्रदेश ने बिखेरा जलवा

**कई कैटेगरी में जीते अवार्ड, कोरोना काल के बाद भी बढ़ी पर्यटकों को संख्या**

**भोपाल, ईएमएस।** मध्य प्रदेश ने राष्ट्रीय पर्यटन पुरस्कार में एक बार फिर अपना परचम लहराया है। पर्यटन के क्षेत्र में मध्य प्रदेश को 8 राष्ट्रीय पर्यटन पुरस्कार मिले हैं। यह सभी अवॉर्ड प्रदेश को अलग-अलग कैटेगरी में मिले हैं। प्रदेस को मिली इस उपलब्धि पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने खुशी जाहिर की है। दरअसल नई दिल्ली में हुए समारोह में उपराष्टपति जगदीप धनखड़ और केंद्रीय पर्यटन मंत्री ने पुरस्कार वितरण किया। मध्य प्रदेश की पर्यटन मंत्री उषा ठाकुर और इंदौर महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने पुरस्कार ग्रहण किया। इस अवसर पर पर्यटन मंत्री उषा ठाकुर ने कहा कि पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार से मध्य प्रदेश को अवार्ड मिलना गौरवशाली पल है। वहीं प्रदेश में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इस उपलब्धि पर खुशी जताते हुए कहा कि मध्य प्रदेश के लिए गर्व का क्षण है, स्व्क्क्ष्शह्हह्द्बह्यद्ब राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने और सामाजिक-आर्थिक विकास को सक्षम करने में हमेशा अग्रणी रहा है, 8 प्रतिष्ठित राष्ट्रीय पर्यटन पुरस्कार टीम के अभिनव और निरंतर प्रयासों का फल हैं, यह खुशी और प्रशंसा का मौका है।

उन्होंने आगे कहा कि वहीं मध्य प्रदेश पर्यटन की तरफ से लिखा गया कि इस ढ्ढ्शह्द्यस्त्रञ्शह्हह्द्बह्यद्बष्ठड्ड4 पर, हम 8 प्रतिष्ठित राष्ट्रीय पर्यटन पुरस्कार प्राप्त करके सम्मानित महसूस कर रहे हैं। यह मध्य प्रदेश को सबसे पसंदीदा पर्यटन स्थलों में से एक बनाने के लिए हमारे अधिकारियों और हितधारकों के दृढ़ संकल्प और कड़ी मेहनत का परिणाम है।

# सांसद प्रज्ञा बोलीं– गरबा पंडाल में मुस्लिमों की एंट्री हो बैन, उनके पंडाल और वस्तुओं पर भी लगे रोक

**भोपाल ,ईएमएस।** सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर ने गरबा पंडालों को लेकर कहा कि गरबा पंडाल में आईडी चेक करके ही प्रवेश दिया जाए। उन्होंने कहा पंडाल में मुस्लिम समुदाय के लोगों को जाने ना दिया जाए। हम हमारी पूजा पद्धति को शुद्ध रखना चाहते हैं। दूसरी बात किसी भी प्रकार से हमारे धार्मिक कार्यक्रमों में मुस्लिम समुदाय के पंडाल, उनकी वस्तुओं और उनके सभी कार्य वर्जित होना चाहिए।बता दें प्रदेश में लव जिहाद के बढ़ते मामले को लेकर गरबा पंडाल में आईडी कार्ड से एंट्री देने की अपील की जा रही है। इससे पहले संस्कृति मंत्री उषा ठाकुर ने भी गरबा पंडाल संचालकों से अनुरोध किया था।



मंत्री के बयान को हिंदू संगठनों ने भी समर्थन किया था।सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर ने पीएफआई के बैन को लेकर पूछे सवाल पर पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह पर भी निशाना साधा। सांसद ने कहा कि भोपाल लोकसभा का चुनाव हार चुके व्यक्ति जब राष्ट्रीय स्वयंसेवक की तुलना पीएफआई से करते हैं तो यह उनका मानसिक दिवालियापन है। उन्हें अपने रक्त की जांच करवानी चाहिए। सांसद ने कहा कि उज्जैन, इंदौर तक लोग पकड़े गए हैं। पूरे देश में पीएफआई के लोगों ने हंगामा मचा रखा है। इससे बड़ा दुर्भाग्य नहीं हो सकता। पीएफआई के लोग नहीं सुधरे तो आजीवन बैन लग जाएगा।

# नए बाघों का घर बना भोपाल का जंगल वृद्ध बाघों का इलाका सिमटा

**भोपाल, यशभारत।** भोपाल के जंगल में पुराने बाघों का इलाका सिमटता जा रहा है। इनकी जगह युवा बाघ अपना दायरा बढ़ा रहे हैं। इनकी मौजूदगी केरवा, कलियासोत, मेंडोरा और वाल्मी के जंगल में देखी जा रही है। ये बाघिन टी-123 की संतान है। वर्तमान में बाघ टी-1233 वाल्मी के जंगल में मौजूद है, जिसकी उम्र चार वर्ष है। यह जंगल कभी बाघ टी-1 का ठिकाना था। ये नए बाघ जंगल से बाहर आबादी तक न आ जाए, इसको लेकर वन विभाग की चिंता बढ़ गई है। इनकी निगरानी करने के लिए अलग-अलग टीमें लगाई गई है।

भोपाल के नजदीक पूर्व में बाघ टी-1 व बाघिन टी-2 का ही दखल था। इसके बाद बाघों का कुनबा लगातार बढ़ता गया। इन्हीं की संतान बाघिन टी-123 ने बीते छह वर्ष में चार शावकों को जन्म दिया है। ये चारों जंगल में मौजूद है। इनके अलावा रातापानी वन्यजीव अभयारण्य से बाघों का मूवमेंट बढ़ता जा रहा है।



VIDEO Tiger in Bhopal: वाल्?मी एरिया में फिर नजर आया बाघ, रोमांचित लोगों ने बनाए वीडियो, रोकना पड़ा दोपहिया वाहनों का आवागमन VIDEO Tiger in Bhopal: वाल्?मी एरिया में फिर नजर आया बाघ, रोमांचित लोगों ने बनाए वीडियो, रोकना पड़ा दोपहिया वाहनों का आवागमन

### ये हैं चुनौतियां

- जंगल की सीमा रहवासी इलाकों से लगी है। दोनों के बीच का क्षेत्र पूरी तरह बाउंड्रीवाल व तार फेंसिंग से कवर्ड नहीं है। बाघों के आबादी वाले इलाकों में दाखिल होने का खतरा है। पूर्व में बाघ शाहपुरा की आकाशगंगा कालोनी व स्वर्ण जयंती पार्क में दाखिल हो चुके हैं।- इन क्षेत्रों में बाघ व सभी प्रकार के वन्यप्राणियों की निगरानी व उनके प्रवेश करने पर सतर्क करने जैसा तंत्र नहीं है, जो कि गंभीर चूक है। आने वाले समय में इसके परिणाम आम जनमानस को भुगतने पड़ सकते हैं। - भोपाल के नजदीक जिस हिसाब से बाघ, तेंदुए, भालू जैसे हिंसक वन्यप्राणी बढ़ रहे हैं, उसके अनुरूप खतरा बढ़ता जा रहा है। कुछ माह पूर्व ही निशातपुरा क्षेत्र की द्रोणांचल कालोनी में एक वन्यप्राणी ने बच्चे पर हमला कर दिया था, उसकी मौत हो गई थी।

# अब ट्रेन के एसी कोच भी असुरक्षित संपर्क क्रांति एक्सप्रेस में महिला से अटेंडर ने की छेड़छाड़

**दमोह, यशभारत।** मध्यप्रदेश के दमोह में संपर्क क्रांति एक्सप्रेस से दिल्ली जा रही एक महिला से एसी कोच के अटेंडर ने छेड़छाड़ की घटना को अंजाम दिया था, जिसकी शिकायत महिला ने रेलवे के किसी वरिष्ठ अधिकारी को ट्वीट कर की थी और दिल्ली जीआरपी में भी शिकायत दर्ज कराई थी।दिल्ली से डायरी आने के बाद दमोह जीआरपी ने मामले की जांच शुरू की और एक आरोपी को गिरफ्तार भी किया है। हालांकि, यह मामला काफी दिन पुराना है, जिसकी डायरी दमोह पुलिस को अभी मिली है।जानकारी देते हुए दमोह जीआरपी चौकी प्रभारी एसके शर्मा ने बताया कि छत्तीसगढ़ से एक महिला पिछले महीने संपर्क क्रांति एक्सप्रेस के एसी कोच में बैठकर दिल्ली जा रही थी। दमोह स्टेशन से ट्रेन के निकलते ही चलती ट्रेन में रात के समय एसी कोच के किसी अटेंडर ने महिला के साथ छेड़छाड़ कर दी। महिला के द्वारा विरोध करने पर आरोपी ट्रेन से भाग निकला।महिला जब दिल्ली पहुंची तो उसने दिल्ली जीआरपी को घटना की जानकारी दी। वहां मामला दर्ज होने के बाद डायरी दमोह जीआरपी के पास पहुंची।



# मध्यप्रदेश में शराबबंदी पर उमा फिर सक्रिय

**, भोपाल ,ईएमएस।** मध्य प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती प्रदेश में शराबबंदी को लेकर अपनी ही सरकार से लड़ाई लड़ रही हैं। वे लगातार आवाज बुलंद कर रही हैं। बुधवार को फिर उन्होंने एक के बाद एक कई ट्वीट किए और शराबबंदी पर बात एमपी की फायर ब्रांड नेत्री उमा भारती ने ट्वीट कर कहा है कि सभी को नवरात्रि की शुभकामनाएं, आपको विदित ही है कि हम सब पिछले डेढ़ वर्ष से शराब बंदी या नियंत्रित शराब वितरण के लिए प्रयत्नरत हैं। शराब एवं नशा संपूर्ण मानवता की शत्रु है लेकिन महिलाओं के लिए तो यह महाविनाशकारी है। उनका सम्मान, उनकी सुरक्षा तथा उनका परिवार सब पर संकट छा जाता है। हमारे प्रयासों के परिणाम स्वरूप मेरे बड़े भाई एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह जी चौहान ने यह वक्तव्य दिया था कि वे वर्तमान शराब नीति में यथा संभव सुधार करेंगे तथा आने वाली 31 मार्च के बाद की शराब वितरण प्रणाली सभी से परामर्श एवं सभी समस्याओं को ध्यान में रखकर होगी।पूर्व सीएम उमा ने कहा कि नारी शक्ति तो पूर्ण शराबबंदी चाहती है किंतु शुरुआत तो इसी प्रकार से होगी कि इसको क्रमिक शराबबंदी से पूर्ण शराबबंदी की ओर ले जाएं। हमारे इसी प्रयास का परिणाम है कि मध्य प्रदेश की सरकार स्वयं 2 अक्टूबर को गांधी जयंती पर नशा-शराब के खिलाफ पूरे प्रदेश में जागरूकता अभियान का प्रारंभ कर रहे हैं। यह हमारे अभियान की सफलता का पहला कदम है। उमा ने कहा कि हमने भी 2अक्टूबर को अपने कार्यक्रम की घोषणा पहले से ही की हुई थी, किंतु अब सरकार के द्वारा स्वयं इस कार्यक्रम को आयोजित करने की घोषणा की गई है एवं मुझे एवं आप सबको इस कार्यक्रम में भागीदार होने के लिए निमंत्रण दिया है। मुख्यमंत्री जी एवं मैं तथा अन्य कई गणमान्य अतिथिगण मौजूद रहेंगे। किंतु हमारे अभियान से जुड़े हुए लोगों का यह निर्णय है कि हमारा भी कार्यक्रम होगा ताकि हमारे आंदोलन की धारा अपने स्वतंत्र रूप में पूर्ण शराबबंदी की दिशा में चलती रहे।



## उपचार आरंभ करने के पहले नर्सिंग कर्मचारियों को दिया जाएगा प्रशिक्षण

**भोपाल ,यशभारत।** बीएससी नर्सिंग और जीएनएम पाठ्यक्रम पूरा करने के बाद नर्सिंग कर्मचारियों को मरीजों के इलाज के तरीके और तकनीक के बारे में बताया जाएगा। प्रशि?क्षण पूरा कर चुके नर्सिंग विद्यार्थियों को ही सरकारी नौकरी में जाने का अवसर मिलेगा। इतना ही नहीं नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल में पंजीयन नवीनीकरण भी इसी आधार पर होगा कि संबंधित नर्स ने दक्षता संवर्धन पाठ्यक्रम किया है या नहीं। निजी अस्पतालों में काम करने वाले नर्सिंग कर्मचारियों के लिए भी तय अवधि का प्रशिक्षण अनिवार्य होगा। ऐसा नहीं करने पर पंजीयन नवीनीकरण नहीं हो पाएगा। परोक्ष तौर पर इसका फायदा मरीजों को ही मिलेगा। चिकित्सा शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि च्सेंटर आफ एक्सीलेंस फार नर्सिंग एवं मिडवाइफरीज्के नाम से यह केंद्र बनाया जाएगा। अभी देश में कहीं भी इस तरह के प्रशिक्षण संस्थान नहीं हैं। यहां पर हर साल 20 से लेकर 50 तक प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए जाएंगे।प्रशिक्षणार्थियों को बेसिक और एडवांस लाइफ सपोर्ट, चिकित्सा जगत में जांच और इलाज के लिए आने वाले नए उपकरण को चलाना(

# कम होने लगी वर्षा, शुक्रवार तक कुछ हिस्सों से विदा हो सकता है मानसून

**भोपाल,ईएमएस।** वर्तमान में कोई प्रभावी मौसम प्रणाली सक्रिय नहीं है। राजस्थान और उससे लगे गुजरात पर एक प्रति चक्रवात बन गया है। इस वजह से वातावरण से नमी कम होने से वर्षा की गतिविधियों में कमी आ गई है। इसी क्रम में बुधवार को सुबह साढ़े आठ बजे से शाम साढ़े पांच बजे तक मलाजखंड में 11, धार में 0.2 मिलीमीटर वर्षा हुई। रतलाम में बूंदाबांदी हुई। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक अगले तीन-चार दिन तक मौसम का मिजाज इसी तरह बना रहने की संभावना है। साथ ही शुक्रवार तक उत्तरी मध्य प्रदेश के ग्वालियर, चंबल संभागों के कुछ जिलों से मानसून की विदाई भी हो सकती है।मौसम विज्ञान केंद्र से मिली जानकारी के मुताबिक दक्षिण-पश्चिम मानसून की विदाई के



संकेत मिलने लगे हैं। वातावरण से नमी कम होने के कारण वर्षा की गतिविधियों में कमी आने लगी है। हालांकि बंगाल की खाड़ी में हवा के ऊपरी भाग में एक चक्रवात बना हुआ है। इसके असर से गुरुवार को शहडोल, रीवा, जबलपुर, भोपाल, नर्मदापुरम, इंदौर, उज्जैन संभागों के जिलों में तथा पन्ना, दमोह एवं सागर जिलों में कहीं-कहीं छिटपुट वर्षा हो सकती है।

मौसम विज्ञान केंद्र के पूर्व मौसम विज्ञानी अजय शुक्ला ने बताया कि राजस्थान और उसके आसपास बने प्रति चक्रवात के प्रभाव के कारण मध्य प्रदेश में मौसम शुष्क होने लगा है। जिसके चलते तीन-चार दिन तक कहीं-कहीं मामूली वर्षा ही होगी। शुक्रवार तक ग्वालियर, चंबल संभाग के कुछ जिलों से मानसून विदा भी हो सकता है। शुक्ला के मुताबिक मप्र के उत्तरी एवं पश्चिमी क्षेत्र में आर्द्रता कम होने लगी है।

यह मानसून की वापसी के संकेत हैं। बता दें कि इस सीजन में मध्य प्रदेश में बुधवार सुबह साढ़े आठ बजे तक 1168 मिमी. वर्षा हो चुकी है, जो सामान्य वर्षा 945.2 मिमी. की तुलना में 24 प्रतिशत अधिक हैं। हालांकि अभी भी प्रदेश के तीन जिलों आलीराजपुर, रीवा एवं सीधी में पानी की दरकार है।

# पोर्टल पर कम फीडिंग कलेक्टर ने लगाई फटकार

## जनसेवा अभियान की समीक्षा कर दिए आवश्यक निर्देश



**कटनी, यशभारत।** कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित समय सीमा की बैठक में कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने लंबित पत्रों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर श्री मिश्रा ने मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान की विभागवार समीक्षा की।

जनसेवा पखवाड़े में प्राप्त आवेदन एवं निराकरण के संबंध में विभागवार समीक्षा के साथ ही ऑनलाइन पोर्टल में जानकारी की कम फीडिंग होने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की। कलेक्टर ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि तीन दिवस के अंदर जानकारी प्राप्त कर निराकरण करें। सभी विभागों को यह भी निर्देश दिए गए कि योजनावार शासन से प्राप्त लक्ष्य अनुसार शत-प्रतिशत उपलब्धि के आधार पर जनसेवा पखवाड़े के संबंध में कार्रवाई सुनिश्चित करें। खाद्य विभाग की उज्जवला योजना के संबंध में समीक्षा कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के भी निर्देश बैठक में दिए गए। कलेक्टर श्री मिश्रा ने टीएल बैठक में जन सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत पशुशाला, गौशाला में शिविर का आयोजन कर गौ पालकों को लंपी वायरस से बचाव के लिए जागरूक करने के निर्देश दिए। बैठक में पशुपालन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि लंपी बीमारी के रोकथाम के लिए 4000 टीका प्राप्त हुए हैं और उन्हें पशुपालकों से चर्चा कर लगाया जाना है।

### जिला अधिकारियों के प्रतिवेदन के आधार पर कराएं कार्य

ट्राइबल डिपार्टमेंट द्वारा संचालित समस्त हॉस्टलों का निरीक्षण 24 सितंबर को जिला अधिकारियों के माध्यम से कलेक्टर श्री मिश्रा ने कराया था। जिला अधिकारियों से निरीक्षण के संबंध में जानकारी लेते हुए कलेक्टर ने अधिकारियों की रिपोर्ट के आधार पर हॉस्टलों के लिए मरम्मत एवं अन्य व्यय का आवंटन जारी करने के निर्देश जिला संयोजक को दिए। सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों के निराकरण में जिले को चौथा स्थान प्राप्त होने पर कलेक्टर श्री मिश्रा ने सभी अधिकारियों को बधाई दी गई एवं निरंतरता रखने को कहा। उन्होंने कहा कि प्रमुख रूप से पी.एच.ई., राजस्व, जिला पंचायत, नगर निगम में अभी भी अधिक मात्रा में शिकायत है, जिसे त्वरित गति से निराकृत करें। कलेक्टर श्री मिश्रा ने लंबित पत्रों की भी समीक्षा की और कार्रवाई के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत जगदीश चंद्र गोमे, अपर कलेक्टर रोमानुस टोप्पो, संयुक्त कलेक्टर साधना परस्ते सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।



# बरही में हंसती हुई मां दुर्गा की प्रतिमा सजा भव्य दरबार

### चौक बाजार में मां भगवती का दिव्य दर्शन



**बरही, यशभारत।** कोरोना संक्रमण काल के दो साल बाद इस बार नवरात्र महोत्सव पूरे उल्लास और भक्तिभाव के साथ मनाया जा रहा है। बरही नगर में जगह-जगह माँ भगवती की भव्य एवं आकर्षक प्रतिमाएं स्थातिप की गई हैं। सरस्वती स्कूल स्टेशन मार्ग में केशव-माधव दुर्गा उत्सव समिति द्वारा इस बार माँ दुर्गा की हँसती हुई प्रतिमा की स्थापना की गई है, जो नगर में आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। वहीं चौक बाजार में माँ आदिशक्ति की भव्य प्रतिमा भी स्थापित की गई है, जिसकी दर्शन और पूजन को देवीभक्तों की भीड़ उमड़ रही। नगर में इस बार नवरात्र महोत्सव के अवसर पर अलग-अलग ग्रुपों द्वारा गरबा रास का आयोजन भी किया जा रहा है। गरबा रास का रिहर्सल जारी है। बड़ी संख्या में महिलाएं, युवतियां, बच्चे गरबा-डांडिया के स्टेपो की प्रैक्टिस में जुटे हुए है। इस बार 1, 4 व 5 सितंबर को बरही नगर में गरबा रास की धूम रहेगी।

### रामलीला देखने नहीं पहुंच रहे दर्शक



नगर परिषद बरही के सौजन्य से इस बार रामलीला का मंचन कराया जा रहा है, जहां व्यवस्थाएं भी दुरुस्त की गई है। भव्य मंच भी सजा है, दर्शकों को बैठने के लिए शानदार व्यवस्था भी की गई है, रामलीला मंडली व इसके पात्र भी उम्दा प्रदर्शन कर रहे है, लेकिन आयोजन समिति की अदूरदर्शिता के चलते रामलीला देखने दर्शक नही पहुँच पा रहे है, इसके पीछे की सबसे बड़ी वजह बस्ती से करीब 1 किलोमीटर दूर रामलीला का मंचन कराया जा रहा है, जिससे दर्शक नही पहुँच पा रहे है। पहले आयोजन समिति द्वारा टीआई बंगला के बगल में रामलीला कराने की योजना बनाई थी, जो बस्ती के अंदर है, यहां दर्शक भी आसानी से पहुँच जाते, लेकिन ऐन वक्त पर स्थान परिवर्तित करते हुए बस्ती से दूर सूनसान इलाके में शिफ्ट करा दिया गया जिससे दर्शक बिहीन रामलीला का मंचन हो रहा है।

### कैमोर के ट्रक पार्किंग यार्ड में आयोजित हुआ शिविर





# एक सैकड़ा ट्रक चालकों के नेत्रों की हुई निःशुल्क जांच



**कैमोर, यशभारत।** एसीसी लिमिटेड कैमोर सीमेंट वर्क्स के डायरेक्टर प्लांट के. आर.रेड्डी के मार्गदर्शन में भारत सरकार के सड़क परिवाहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के सहयोग से अनुपमा एजुकेशन सोसाइटी सतना द्वारा मुख्य ट्रक पार्किंग यार्डए कैमोर में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 100 ट्रक चालकों का नेत्र जांच किया गया, शिविर में ट्रक ड्राइवरों ने उपस्थित हो कर बड़ी ही उत्सुकता के साथ नेत्र जांच करवाया, जांच के दौरान जिन ड्राइवरों को चश्मे की आवश्कता महसूस की गई उनके कार्ड बना कर चश्मे बनने के लिए दिए गए, चश्मे बनने के बाद उन्हें अनुपमा एजुकेशन सोसाइटी सतना द्वारा, एसीसी कैमोर प्लांट प्रबंधन के सहयोग से वितरण किया जाएगा। नेत्र जाँच शिविर का शुभारंभ एसीसी कैमोर सीमेंट वर्क्स के डायरेक्टर प्लांट के.आर.रेड्डी के करकमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर हेड एच.आर. एच.पी. सिंह, हेड लॉजिस्टिक्स जितेंद्र सनाढ्या, हेड सेफ्टी सुशांत त्रिपाठी, एसीसी सीएसआर हेड श्रीमती ऐनेट एफविश्वास प्रमुख रूप से उपस्थित हुए। इस कार्यक्रम को पूर्ण रूप से सफल बनाने में कंपनी के सीएसआर सेफ्टी, लॉजिस्टिक टीम के साथ, अनुपमा एजुकेशन सोसाइटी के वीरेंद्र मिश्र, मुख्य पार्किंग यार्ड के विजीत लॉजिस्टिक से राजेश भारती एवं उनकी समस्त टीम की महत्त्वपूर्ण भूमिका रहीं।

# 103 आवेदनों पर कलेक्टर ने की सुनवाई



### अधिकारियों को दिए कार्रवाई के निर्देश

**कटनी, यशभारत।** कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने आवेदनों पर सुनवाई की और संबंधित विभाग के अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए। जनसुनवाई में 103 आवेदकों ने आवेदन दिए। जिसमें राजस्व विभाग, जिला पंचायत, ननि आबकारी विभाग, उद्योग, खनिज, जिला शिक्षा केन्द्र, महिला एवं बाल विकास विभाग, वन विभाग, शिक्षा विभाग, विद्युत विभाग श्रम अधिकारी, संस्थागत वित्त, सामाजिक न्याय विभाग सहित अन्य विभागों से संबंधित आवेदन शामिल थे। कलेक्टर श्री मिश्रा ने सुनवाई करते हुए सभी विभागों के जिला अधिकारियों को आवेदनों पर कार्रवाई के निर्देश प्रदान किए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ जगदीश चंद्र गोमे, अपर कलेक्टर रोमानुस टोप्पो, संयुक्त कलेक्टर साधना परस्ते सहित सभी विभाग के जिला अधिकारी उपस्थित थे।



# सीएम हेल्पलाइन में बेहतर कार्य करने वाले अधिकारियों का सम्मान



**कटनी, यशभारत।** सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों पर एल-1 स्तर पर 25 से अधिक प्राप्त शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण करने वाले अधिकारियों को समय सीमा की बैठक में कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मानित किया। संतुष्टिपूर्ण निराकरण में ऊर्जा विभाग के अधीक्षण अभियंता संजय अरोरा, कनिष्ठ अभियंता दिलदार डाबर, सीएमओ बरही मनोहर बिझवार, तहसीलदार बड़वारा मनीष शुक्ला, जिला आबकारी अधिकारी आरके बघेल, पुलिस निरीक्षक विजय सिंह बघेल, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी प्रमोद कुमार मिश्रा को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया है। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत जगदीश चंद्र गोमे, अपर कलेक्टर रोमानुस टोप्पो, लोक सेवा प्रबंधक दिनेश विश्वकर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### नामांतरण, बंटवारा और बेजा कब्जों की शिकायतों का अंबार

# राजस्व कर्मियों की गलती से परेशान हो रहे भू-स्वामी



**कटनी, यशभारत।** स्थानीय समाधान कार्यक्रम में सीएम हेल्प लाइन के लंबित प्रकरणों की कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री मिश्रा ने आवेदक राकेश कुमार के अतिक्रमण संबंधित आवेदन पर जांच कर अपर कलेक्टर व एसडीएम ढीमरखेड़ा को जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इसके अलावा ज्ञानचंद की अवैध कब्जा की शिकायत पर एसडीएम कटनी को और आवेदक दुर्गा गुप्ता के कब्जे की शिकायत पर एसडीएम विजयराघवगढ़ को जांच कर संतुष्टिपूर्ण निराकरण के निर्देश दिए गए। वहीं शिकायतकर्ता लखनलाल के बंटवारा संबंधी प्रकरण में एसडीएम कटनी को जांच प्रतिवेदन देने निर्देश कलेक्टर श्री मिश्रा ने दिए। आवेदक राजकुमार की बलराम तालाब योजना के संबंध में लंबित शिकायत पर उपसंचालक कृषि को जांच कर दोषी की जानकारी एकत्र कर प्रतिवेदन देने, शिकायतकर्ता जगदीश के जमीन संबंधी प्रकरण में एसडीएम कटनी को जांच कर प्रतिवेदन देने के निर्देश दिए गए। रामचरण रजक के जमीन पर अतिक्रमण की शिकायत पर एसडीएम कटनी को और शैलेन्द्र के जमीन पर अतिक्रमण के आवेदन पर एसडीएम बहोरीबंद को जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश कलेक्टर श्री मिश्रा ने दिए। आवेदक जुगनू के बंटवारा के प्रकरण में सुनवाई न होने पर एसडीएम विजयराघवगढ़ को दोषी की जानकारी देते हुए प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। इसी प्रकार शिकायतकर्ता राजू के अतिक्रमण के आवेदन पर सुनवाई न होने पर सुनवाई करते हुए कलेक्टर श्री मिश्रा ने एसडीएम ढीमरखेडत्रा को जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इस दौरान लोक सेवा प्रबंधक दिनेश विश्वकर्मा उपस्थित थे।

# अब दर-दर नहीं भटकेगा स्वच्छता दूत का परिवार

## नगर परिषद मृतक सफाई कर्मी को दी अनुकम्पा नियुक्ति



**कैमोर, यशभारत।** कोरोना की वैश्विक महामारी के दौरान फ्रंट वारियर बनकर अपनी सेवाएं देने वाले अनेक शासकीय कर्मचारी भी इस महामारी की भेंट चढ़ गए हैं। परिवार के मुखिया के चले जाने से उनके परिवार आर्थिक संकट का सामना कर रहे पर कैमोर के मोहन ताम्बे के परिवर को अब आर्थिक संकट का सामना नही करना पड़ेगा। क्षेत्रीय विधायक संजय सत्येंद्र पाठक के प्रयासों से कैमोर नगर परिषद ने स्व मोहन ताम्बे के पुत्र राहुल ताम्बे को अनुकम्पा नियुक्ति प्रदान कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कैमोर निवासी मोहन ताम्बे कैमोर नगर परिषद में सफाई कर्मचारी के पद पर पदस्थ था। कोरोना महामारी के दौरान वह भी इस बीमारी की चपेट में आ गया था। परिवार के मुखिया की मौत के बाद परिवार आर्थिक तंगी का शिकार था। मृतक मोहन ताम्बे के पुत्र राहुल ताम्बे ने नगर परिषद में अनुकम्पा नियुक्ति के लिए आवेदन दिया था पर परिषद के न होने के कारण अनुकम्पा नियुक्ति की कार्यवाही में विलंब हो रहा था। मृतक मोहन ताम्बे के परिवार ने विधायक संजय सत्येंद्र पाठक से मिलकर अपनी परेशानी बताई थी जिस पर विधायक श्री पाठक ने न केवल नगर परिषद के सीएमओ को पत्र लिखा था बल्कि राज्य शासन नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग से भी संपर्क कर अनुकम्पा नियुक्ति की कार्यवाही जल्द पूरी करने के प्रयास किये थे। नगर परिषद अध्यक्ष मनीषा शर्मा के संज्ञान में यह प्रकरण सामने आने के बाद उन्होंने सीएमओ को निर्देशित कर प्रकरण को आगे बढ़वाया। अंततः राज्य शासन से अनुकम्पा नियुक्ति संबंधी आदेश परिषद को प्राप्त हो गए। आदेश प्राप्त होते ही अध्यक्ष मनीषा शर्मा और सीएमओ धर्मेन्द्र शर्मा ने आवेदक राहुल ताम्बे को बुलाकर उसे नियुक्ति पत्र सौंप दिया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष संतोष केवट एवं पार्षदों की भी उपस्थिति रही। अनुकम्पा नियुक्ति मिलने पर ताम्बे परिवार ने विधायक श्री पाठक सहित अध्यक्ष एवं पूरी परिषद के प्रति आभार जताया है।

# 4 अक्टूबर तक सुबह 10 से साढ़े 6 बजे तक खुलेंगे पंजीयक कार्यालय

### महानिरीक्षक पंजीयन ने जारी किए निर्देश

**कटनी, यशभारत।** महानिरीक्षक पंजीयन ने सभी परिक्षेत्रीय उप महानिरीक्षक पंजीयन, सभी वरिष्ठ जिला पंजीयक एवं जिला पंजीयक को शारदीय नवरात्रि में कार्यालयीन समय में वृद्धि के निर्देश जारी किये हैं। आम नागरिकों की सुविधा के लिए 4 अक्टूबर तक सभी पंजीयक कार्यालय सुबह 10 से शाम 6.30 बजे तक खुले रहेंगे। उल्लेखनीय है कि नवरात्रि में नागरिकों द्वारा अचल संपत्ति के दस्तावेजों का पंजीयन अधिक संख्या में कराया जाता है। इस वर्ष भी नवरात्रि पर्व के दौरान अचल संपत्ति के दस्तावेजों के पंजीयन में वृद्धि की संभावना है। आम जनता एवं सर्विस प्रोवाईडर द्वारा भी नवरात्रि में कार्यालयीन समय एवं कार्यालयीन दिवस बढ़ाए जाने की मांग की जा रही थी। शारदीय नवरात्रि पर्व की अवधि में जन-सामान्य को दस्तावेजों के पंजीयन कार्य में अधिक सुविधा देने एवं राज्य शासन के राजस्व को दृष्टिगत सभी उप पंजीयक कार्यालय 26 सितंबर से 4 अक्टूबर तक की अवधि में (सार्वजनिक अवकाश दिवस एक और 2 अक्टूबर को छोड़ कर) समय वृद्धि के साथ खोले जायेंगे। पंजीयन कार्यालयों की कार्य आवश्यकता अनुसार प्रतिदिन स्लॉट की संख्या बढ़ाए जाने का भी निर्णय लिया गया है, जिससे अधिकाधिक पक्षकार लाभ ले सकें।




### शासकीय तिलक कॉलेज में जिला स्तरीय विविध स्पर्धाओं का आयोजन

# 16 महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा




**कटनी, यशभारत।** शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय में ''आजादी के अमृत महोत्सव'' के अंतर्गत जिला स्तरीय चित्रकला, रंगोली, पोस्टर, निबंध, भाषण, फैन्सी ड्रेस प्रतियोगिता (स्वाधीनता संग्राम सेनानियों पर आधारित), कविता लेखन, कविता गायन, गीत लेखन, गीत गायन और ज्ञात, अज्ञात बलिदानियों की बड़ी या छोटी प्रेरक कहानी पर आधारित प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एसके खरे की अध्यक्षता एवं मुख्य अतिथि डॉ. सुलेखा मिश्रा प्राध्यापक राजनीतिशास्त्र, शासकीय महाविद्यालय मानकुंवर जबलपुर, विशिष्ट अतिथि डॉ. सुनील कुमार बाजपेई, विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी अतिरिक्त संचालक जबलपुर रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ द्वीप प्रज्जवलित कर मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। स्वागत भाषण में प्राचार्य डॉ. खरे ने आजादी के अमृत महोत्सव के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। डॉ. मिश्रा ने कहा कि युवाओं को कर्म पर विश्वास करना चाहिए और युवाओं को प्रेरित करते हुए उन्होंने महापुरूषों के बताए मार्ग पर चलने का आग्रह किया। दूसरे चरण में छात्रों ने विभिन्न विषयों पर अपने विचार रखे। प्रो. अशोक कुमार श्रीवास्तव, सुधा अरझरिया, कीर्तिका कुंहर ने छात्रों का मार्गदर्शन किया। भाषण प्रतियोगिता में अनुराधा पाण्डेय, कविता लेखन में प्रियंका मिश्रा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस कार्यक्रम में डॉ. चित्रा प्रभात, डॉ. आर.के.वर्मा प्राचार्य, डॉ. साधना जैन, प्रो. रतिराम अहिरवार, डॉ. व्ही.के.द्विवेदी सहित 16 महाविद्यालयों के प्रतिभागी और दल प्रभारी उपस्थित रहे।



# अब नए नियमों के साथ खेली जाएगी Ind vs SA T20 सीरीज

## ICC ने बदले हैं इंटरनेशनल क्रिकेट के ये नियम



**नई दिल्ली , एजेंसी।** भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच तीन मैचों की टी20 इंटरनेशनल सीरीज खेली जा रही है। इस सीरीज का एक मुकाबला बुधवार 28 सितंबर को खेला गया, जिसमें भारत ने य ह मुकाबला धाकड़ तरीके से जीता। लेकिन क्या आप जानते हैं कि इस सीरीज के बीच में इंटरनेशनल क्रिकेट के कई नियम बदलने वाले हैं। जी हां, इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल यानी आईसीसी ने प्लेइंग कंडीशन्स यानी नियमों में बदलाव का ऐलान पहले ही कर दिया था, जो 1 अक्टूबर 2022 से लागू होंगे। ऐसे में 2 अक्टूबर को भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच खेला जाने वाला दूसरा टी20 मैच नए नियमों के साथ खेला जाएगा। ऐसे में आप जान लीजिए कि इंटरनेशनल क्रिकेट में कौन-कौन से नियम बदलने वाले हैं।

### 1. नया बल्लेबाज आएगा क्रीज पर

अगर कोई बल्लेबाज कैच आउट हो जाता है, फिर चाहे स्ट्राइकर और नॉन स्ट्राइकर ने एकदूसरे को क्रॉस ही क्यों न कर लिया हो, नया बल्लेबाज ही स्ट्राइक पर आएगा। पहले, यदि बल्लेबाज कैच लेने से पहले क्रॉस कर जाता था तो नॉन-स्ट्राइकर अगली गेंद पर स्ट्राइक लेता था, जबकि नया बल्लेबाज नॉन-स्ट्राइकर एंड पर जाता था।

### 2. लार पर पूरी तरह से बैन

वैसे तो बीते दो साल से ज्यादा समय से गेंद पर लार लगाने पर प्रतिबंध कोरोना की वजह से था, लेकिन अब इसे पूरी तरह से बैन कर दिया गया है। हालांकि, गेंदबाज गेंद को चमकाने के लिए अपने पसीने का इस्तेमाल कर सकते हैं।

### 3. जल्दी आना होगा क्रीज पर

अगर टेस्ट और वनडे क्रिकेट में कोई बल्लेबाज आउट हो जाता है तो नए बल्लेबाज को 2 मिनट के अंदर स्ट्राइक या नॉन स्ट्राइक एंड पर आना होगा, जबकि ञ20ढ्ढ में नए बल्लेबाज के लिए स्ट्राइक या नॉन स्ट्राइक पर आने की समय सीमा 90 सेकेंड है। पहले टेस्ट और वनडे में 3 मिनट का टाइम नए बल्लेबाज को मिलता था। ऐसा करने में विफल रहने पर, फील्डिंग कैप्टन टाइम आउट के लिए अपील कर सकता है।

### 4. स्ट्राइकर के गेंद खेलने का अधिकार

अगर बल्लेबाज कोई बॉल खेलता है तो उसका बल्ला या फिर वो खुद पिच के भीतर रहना चाहिए। अगर वो इससे आगे निकल जाता है, तो अंपायर कॉल करेगा और उसे डेड बॉल करार दिया जाएगा। कोई भी गेंद जो बल्लेबाज को पिच छोड़ने के लिए मजबूर करेगी, उसे भी नो बॉल करार दिया जाएगा।

### 5. फील्डिंग साइड का अनफेयर मूवमेंट

गेंदबाज गेंदबाजी करने के लिए दौड़ते समय फील्डिंग साइड द्वारा कोई भी अनुचित और जानबूझकर किए गए मूवमेंट की वजह से गेंद को डेड बॉल करार दिया जाएगा और बल्लेबाजी टीम को 5 पेनल्टी रन दिए जा सकते हैं।

### 6. नॉन स्ट्राइक पर रन आउट

मांकडिंग इस समय बहुत फेमस है, जो अभी तक च्अनफेयर प्लेज सेक्शन में थी, लेकिन अब उसे च्रन आउटज् सेक्शन में डाल दिया गया है और मांकडिंग पूरी तरह से मान्य होगी। पहले अनुचित खेल के रूप में देखा जाता था, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा।

### 7. स्ट्राइकर को गेंद फेंकना

पहले, एक गेंदबाज जिसने बल्लेबाज को अपनी डिलीवरी स्ट्राइड में प्रवेश करने से पहले क्रीज से निकलते हुए देखता था, वह स्ट्राइकर को रन आउट करने के प्रयास में गेंद को फेंक सकता था, लेकिन अब इस अभ्यास को डेड बॉल करार दिया जाएगा।

### अन्य प्रमुख निर्णय

जनवरी 2022 में टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में शुरू की गई इन-मैच पेनल्टी, (जिसके तहत एक फील्डिंग टीम निर्धारित समाप्ति समय तक अपने ओवरों को फेंकने में विफल रहती है तो उसे एक अतिरिक्त क्षेत्ररक्षक को शेष ओवरों के लिए फील्डिंग सर्कल के अंदर लाना होता है।), अब 2023 में ICC मेन्स क्रिकेट वर्ल्ड कप सुपर लीग के पूरा होने के बाद ODI मैचों में भी इसे अपनाया जाएगा।

# सूर्यकुमार यादव ने छक्कों की बारिश से बना दिया वर्ल्ड रिकॉर्ड पाकिस्तानी ओपनर छूटा पीछे



**नई दिल्ली , एजेंसी।** ने दक्षिण अफ्रीका को तीन मैचों की टी20 सीरीज के पहले मैच में गेंदबाजों की घातक गेंदबाजी के बाद सूर्यकुमार और केएल राहुल के दमदार अर्धशतक की बदौलत दक्षिण अफ्रीका को 8 विकेट से हरा दिया है। दक्षिण अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 106 रन बनाए। इसके जवाब में भारत ने 20 गेंद शेष रहते ये मैच 8 विकेट से अपने नाम किया। भारत की ओर से सूर्यकुमार ने 50 और केएल राहुल ने 51 रन बनाए। टीम इंडिया के बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव का जलवा इस साल टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में एकतरफा देखने को मिल रहा है। बुधवार 28 सितंबर को तिरुवनंतपुरम में साउथ अफ्रीका के खिलाफ खेले गए तीन मैचों की टी20आई सीरीज के पहले मैच में सूर्यकुमार यादव ने एक बड़ा वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। उन्होंने छक्कों की बारिश से इस साल टी20आई क्रिकेट में एक नया वर्ल्ड रिकॉर्ड बना दिया है। दरअसल, सूर्यकुमार यादव एक साल में ञ20 इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा छक्के जड़ने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। इस मामले में उन्होंने पाकिस्तान टीम के ओपनर मोहम्मद रिजवान को पीछे छोड़ दिया है, जिन्होंने पिछले साल 42 छक्के इंटरनेशनल क्रिकेट के सबसे छोटे प्रारूप में जड़े थे। 2021 में ही न्यूजीलैंड के मार्टिन गप्टिल ने 41 छक्के टी20आई क्रिकेट में जड़े थे, लेकिन अब सूर्या इनसे आगे निकल गए हैं। दाएं हाथ के बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने 2022 में 45 छक्के जड़ दिए हैं। उन्होंने इस साल 21 मैच खेले हैं। वे इस साल सबसे खतरनाक टी20आई बल्लेबाज नजर आए हैं। उन्होंने पिछले साल इंटरनेशनल क्रिकेट में डेब्यू किया था और तब से फॉर्म के कारण ड्रॉप नहीं हुए हैं। यहां तक कि प्लेइंग इलेवन से भी उनको बाहर नहीं किया गया है, भले ही कॉम्बिनेशन कुछ भी रहा हो। उन्होंने कई पारियों में ओपनिंग भी की है।

### T20I क्रिकेट में एक साल में सबसे ज्यादा छक्के

45 - सूर्यकुमार यादव (2022)*
42 - मोहम्मद रिजवान (2021)
41 - मार्टिन गप्टिल (2021)
37 - एविन लुईस (2021)

# टाइगर की कटरीना कैफ लग रहीं तिरंगा में परिणीति चोपड़ा, जीत पाएंगी दर्शकों का दिल?



**मुंबई,एजेंसी।** बॉलीवुड एक्ट्रेस परिणीति चोपड़ा के लिए फिल्म कोड नेम तिरंगा काफी अहम है, उनके करियर में ये फिल्म एक बड़ा बदलाव ला सकती है। फिल्म बीते कुछ दिनों से चर्चा में बनी हुई थी और अब फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो गया है। परिणीति के साथ ही फिल्म में हार्डी संधू और शरद केलकर भी प्रमुख किरदारों में नजर आ रहे हैं। ट्रेलर को सोशल मीडिया पर मिक्स रिएक्शन्स मिल रहे हैं। कुछ सोशल मीडिया यूजर्स ट्रेलर को काफी पसंद कर रहे हैं तो कुछ इसे एक टिपिकल बॉलीवुड फिल्म बता रहे हैं।

### क्या है फिल्म की कहानी

फिल्म का ट्रेलर देखकर कहानी समझ आ गई है, जिसे पहले भी कई बार देखा जा चुका है। ट्रेलर में दिख रहा है कि इंडिया की बेस्ट स्पेशल ऑप्स में दुर्गा का भी नाम है, जिसका किरदार परिणीति चोपड़ा निभा रही हैं। परिणीति को जिम्मेदारी मिलती है, दूसरे देश जाकर आंतकवादी का किरदार निभा रहे शरद केलकर को खत्म करने की। दूसरे देश में दुर्गा की मुलाकात मिर्जा (हार्डी संधू) से होती है और दोनों को प्यार हो जाता है। इसके बाद दुर्गा के पास जहां देश के लिए जिम्मेदारी होती है तो मिर्जा के रूप में अपना प्यार भी।

### कैसा है ट्रेलर

फिल्म का ट्रेलर शुरू होता है शरद केलकर के किरदार से, जो एक टिपिकल आंतकवादी किरदार है, जो खुद को सही मानता है। इसके बाद परिणीति कई जोरदार एक्शन मूव्स करती दिखती हैं। परिणीति को फिल्म में देखकर टाइगर सीरीज (एक था टाइगर और टाइगर जिंदा है) की जोया, यानी कटरीना कैफ याद आ रही हैं। सिर्फ लुक्स ही नहीं बल्कि कई एरियल एक्शन सीन्स भी टाइगर सीरीज जैसे ही हैं। बाकी हार्डी संधू किरदार में काफी जच रहे हैं। बता दें कि फिल्म 14 अक्टूबर को रिलीज होगी, जिसका निर्देशन ऋभु दासगुप्ता ने किया है।

### परिणीति के लिए काफी अहम फिल्म

गौरतलब है कि परिणीति चोपड़ा का सिनेमाई करियर कुछ खास अच्छा नहीं है। लेडीज वर्सेज रिकी बहल, गोलमाल अगेन, केसरी और इशकजादे के अलावा परिणीति के खाते में कोई बड़ी हिट नहीं रही है, वहीं इन फिल्मों के हिट होने का भी सीधा क्रेडिट परिणीति को नहीं जाता है। हालांकि कोड नेम तिरंगा में परिणीति की मेहनत और कोशिश साफ दिख रही है, ऐसे में इसके हिट होने से परिणीति के करियर को नई ऊंचाई मिलेगी।

# जिया खान आत्महत्या मामले में मां राबिया की याचिका खारिज

## बॉम्बे हाईकोर्ट ने सीबीआई की जांच को सही ठहराया



**मुंबई ईएमएस।** बॉलीवुड एक्ट्रेस जिया खान ने 2013 में आत्महत्या कर इस दुनिया को अलविदा कह दिया था। 3 जून को जिया का शव उनके मुंबई स्थित घर में मिला था। इस केस की जांच सीबीआई कर रही है, जिस में जिया के तत्कालीन बॉयफ्रेंड सूरज पंचोली को एक्ट्रेस को आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगा था। इस केस में दिवंगत एक्ट्रेस जिया खान की मां राबिया खान, हत्या बताकर मामले की सुनवाई में देरी करना चाहती हैं। ऐसे में अब बॉम्बे हाई कोर्ट ने इस पर आदेश दिया है।

### सीबीआई ने की सही जांच

बंबई उच्च न्यायालय ने कहा है कि सीबीआई ने दिवंगत अभिनेत्री जिया खान की आत्महत्या के मामले की निष्पक्ष और विस्तृत जांच की है लेकिन जिया की मां राबिया खान इसे हत्या बताकर मामले की सुनवाई में विलंब करना चाहती हैं। न्यायमूर्ति ए. एस. गडकरी और न्यायमूर्ति एम. एन. जाधव की एक खंडपीठ ने 12 सितंबर को दिए आदेश में यह कहा। इसके साथ ही अदालत ने राबिया खान की उस याचिका को खारिज कर दिया जिसमें इस मामले की जांच फिर से करवाने का अनुरोध किया गया था।

### एफबीआई से जांच की मांग

बता दें कि राबिया ने अपनी याचिका में यह भी कहा था कि इस मामले की जांच अमेरिका की संघीय जांच एजेंसी (एफबीआई) से करवाई जानी चाहिए। पीठ ने कहा कि वह अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर एफबीआई को मामले की जांच करने का निर्देश नहीं दे सकते। याद दिला दें कि अभी भी इस केस की जांच खत्म नहीं हुई है और जांच जारी है।

### राबिया ने बताया हत्या

गौरतलब है कि सीबीआई का आरोप है कि जिया की मौत के वक्त एक्ट्रेस के बॉयफ्रेंड रहे सूरज पंचोली ने उसे तीन जून 2013 को आत्महत्या करने के लिए उकसाया। वहीं, राबिया का दावा है कि जिया की हत्या की गई। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि सीबीआई ने हर पहलू से इस मामले की जांच की और पाया कि यह आत्महत्या का मामला है। जिया खान ने हाउसफुल,गजनी और निशब्द में काम किया है।

# सिटाडेल को लेकर उत्साहित है सामंथा रूथ



**मुंबई,एजेंसी।** अभिनेत्री सामंथा रूथ प्रभु, जिन्होंने अल्लू अर्जुन अभिनीत फिल्म पुष्पा-द राइज की ऊ अंतावा में अपने अभिनय से दर्शकों को प्रभावित किया था, अभी वह अपनी आने वाली फिल्म सिटाडेल की तैयारी कर रही हैं। अभिनेत्री के एक करीबी सूत्र ने खुलासा किया कि सामंथा यूएस में सिटाडेल के लिए अपने चरित्र में आने पर काम कर रही है। वह सीरीज में अपने चरित्र की भौतिकता में आने के लिए वहां एक बहुत ही सख्त फिटनेस और जीवनशैली शासन का पालन कर रही है। तैयारियों के एक हिस्से के रूप में, अभिनेत्री फिल्म निर्माण और चरित्र निर्माण और एक्शन के विभिन्न विशेषज्ञों के साथ भी बातचीत कर रही है। इसके अलावा, इसी नाम की अम्ब्रेला सीरीज के भारतीय डायवर्जेंट %सिटाडेल% में वरुण धवन भी नजर आएंगे। सामंथा के हिट ओटीटी शो, द फैमिली मैन 2 के बाद सिटाडेल दूसरा जासूसी एक्शन ड्रामा है। अभिनेत्री के पास पाइपलाइन में शाकुंतलम, खुशी और यशोदा जैसी परियोजनाएं भी हैं।

# क्यों नहीं है श्वेता तिवारी के पास पैसे? एक्ट्रेस ने वीडियो शेयर कर बताई वजह...





**नई दिल्ली,ईएमएस।** एक्ट्रेस श्वेता तिवारी इन दिनों अपने नए शो अपराजिता को लेकर चर्चाओं में हैं। एक्ट्रेस ने इस शो के सेट से एक खास वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो को शेयर करने को लेकर श्वेता खबरों में छाई हुई हैं। श्वेता का ये वीडियो इंस्टाग्राम की पॉपलुर रील साउंड show me the reason you have no mone4 पर बेस्ड है। बता दें कि श्वेता तिवारी ने टीवी शो 'मैं हूं अपराजिता' से टीवी पर वापसी की है. इस शो में वह एक्टर मानव गोहिल के साथ नजर आने आ रही हैं। श्वेता तिवारी इन दिनों 'मैं हूं अपराजिता' शो में लीड रोल अपराजिता की भूमिका अदा कर रही हैं। इस शो के सेट से श्वेता ने फैन्स के लिए एक वीडियो पोस्ट किया है। इस वीडियो में श्वेता ने उनके पास पैसे नहीं होने की वजह बताई है। यहां उनके फैन्स को परेशान होने की जरूरत नहीं है क्योंकि ये वजह बात उन्होंने बेटी पलक के साथ मजाक करते हुए शेयर की है। इस वीडियो में यह पूछे जाने पर कि उसके पास पैसे नहीं हैं, श्वेता ने अपने फोन का कैमरा बेटी पलक की ओर पैन कर दिया। और इस वीडियो में पलक अपने फोन पर व्यस्त नजर आ रही हैं।

### पलक ने जवाब में कहा...

श्वेता ने इस पोस्ट को कैप्शन दिया, अब आप सभी भी जानते हैं...। पलक ने मां की इस पोस्ट पर तुरंत जवाब देते हुए लिखा, 'प्लीज मां आप झूठ बोलना बंद करें।' श्वेता का बेटी संग इस मस्ती वाले वीडियो पर उनकी अच्छी दोस्त रति पांडे और विकास कलंत्री ने हंसी के इमोजी पोस्ट किए। एक्टर अर्जुन बिजलानी ने भी इस वीडियो पर प्यार भरी प्रतिक्रिया दी। एक फैन ने पलक का पक्ष लेते हुए लिखा, वो कौनसा सारा दिन मोबाइल यूज करती है...इतना तो सब करते हैं। सब जानते हैं वो कितनी मेहनती हैं, ऐसे उसे बदनाम ना करें।

# Pushpa The Rule: अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना के फैन्स के लिए आई अच्छी खबर

**मुंबई, एजेंसी।** कुछ वक्त पहले तक सोशल मीडिया पर सिर्फ और सिर्फ फिल्म पुष्पा की धूम थी। पुष्पा के सॉन्गस और आइकॉनिक डांस स्टेप्स से लेकर जोरदार डायलॉग्स तक, सोशल मीडिया पर पुष्पा का क्रेज देखने को मिला था। अल्लू अर्जुन रश्मिका मंदाना और फहाद फासिल की फिल्म पुष्पा द राइज, जिस मोड़ पर जाकर खत्म हुई, उसने दर्शकों के बीच एक जोरदार एक्साइमेंट छोड़ दिया। सिनेमा लवर्स अब च्पुष्पा- द रूलज् का इंतजार कर रहे हैं। इस बीच पुष्पा 2 के शूटिंग पर अपडेट आया है।

### पुष्पा के लिए एक्साइटिड फैन्स

अल्लू अर्जुन की पुष्पा 2 मुहूर्त की घोषणा पर बहुत सारी सूर्खियां बटोरने के बाद, नेटिज़न्स अब यह जानने के लिए उत्साहित थे कि सुपरस्टार इसकी शूटिंग कब शुरू करेंगे। दर्शकों के बीच दीवानगी इस कदर थी कि सोशल मीडिया पर कई गाने, सीन और मोनोलॉग ट्रेंड करने लगे... बच्चे पुष्पा के सामी सामी और श्रीवल्ली पर दोबारा डांस करना चाहते थे, और टीनएजर्स ने अल्लू की चाल और शैली को अपनाया। अपने चरम पर उत्साह के साथ, सीक्वल की घोषणा एक धमाके की तरह हुई।



### अक्टूबर मिडिल में शुरू होगी शूटिंग

अब सूत्रों के मुताबिक अल्लू अर्जुन जल्द ही दूसरे पार्ट की शूटिंग शुरू कर सकते हैं। अंदरूनी सूत्र का कहना है, च्अल्लू अर्जुन अक्टूबर के मध्य में पुष्पा 2 की शूटिंग शुरू करेंगे और उनका नया रूप जल्द ही सामने आएगा। स्टार इसके लिए क्लास ले रहे है और पुष्पा 2 की तैयारी कर रहे है।ज् खैर, हम नहीं जानते कि यह कितना सच है लेकिन अगर अल्लू अर्जुन पुष्पा 2 की शूटिंग शुरू करते हैं, तो देश इसे एक त्योहार की तरह मनाएगा। उनका नया लुक एक नया अंदाज होगा और देशवासी फिल्म के रिलीज होने का बेसब्री से इंतजार करेंगे।

### पुष्पा 2 का है इंतजार

गौरतलब है कि आज अल्लू अर्जुन, ग्लोबल आइकन हैं। एक ओर जहां अल्लू अर्जुन अपनी दमदार अदाकारी और जोरदार डांस मूव्स से सभी का दिल जीत लेते हैं तो वहीं रश्मिका मंदाना की सुपर क्रेजी फैन फॉलोइंग भी उनको बार बार देखना पसंद करती है। इसके अलावा फहाज फासिल ने अपने लिए अपनी दम पर एक अलग और बड़ा मुकाम बनाया है। फिल्म में भी सभी किरदार ऐसे मोड़ पर रुके हैं, जिसके बाद कहानी में कुछ भी हो सकता है।

## छपरवाह में नवरात्र की धूम



उपनगरीय क्षेत्र छपरवाह में नवरात्र पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। यहां बस्ती के अंदर मां जगत जननी की आकर्षक व मनोहारी प्रतिमा स्थापित कर क्षेत्र के लोग माता की भक्ति में लीन हैं।

**मौत के बाद बच्चो को जगाया, अस्पताल शव पहुंचाया**

**पुलिस को भी दी आत्महत्या करने की सूचना, घर मे लगे सीसीटीवी के साक्ष्य भी कर दिए डिलीट**

**14 साल की बेटी ने खोला राज, बोली पापा ने ही मम्मी को मार डाला**

# रिटायर्ड फौजी ने मारपीट कर पत्नी को फांसी पर लटकाया !

**बरही/कटनी, यशभारत।** रिटायर्ड फौजी पर पत्नी के साथ मारपीट करने के बाद उसे फांसी के फंदे में लटकाने का आरोप आरोपी की 14 साल की बेटी ही लगा रही है। यह सनसनीखेज वारदात बरही थाना क्षेत्र के फारेस्ट कालोनी क्षेत्र में बीती रात की है। सुबह हॉस्पिटल परिसर में जमकर उस वक्त हंगामा भी हुआ जब मृतिका की बेटी चीख-चीख कर कह रही थी कि पापा ने मम्मी के साथ मारपीट करने के बाद मौत के घाट उतार दिया है। आक्रोशित मृतिका के मायके पक्ष लोग आरोपी रिटायर्ड फौजी पर टूट पड़े। वहां मौजूद इंस्पेक्टर सीताराम बागरी ने आरोपी को बचाते हुए थाना भेज दिया। घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी मुताबिक बरही के फारेस्ट कालोनी क्षेत्र में रहने वाले ऋषि बड़गैंया की 40 वर्षीय पत्नी आरती बड़गैंया की संदिग्ध मौत बीती रात हुई। जिसे ऋषि ने अपनी बाइक से बच्चो के साथ बरही अस्पताल पहुंचाने के साथ ही पुलिस को यह सूचना दी कि उसकी पत्नी फांसी के फंदे में झूलकर आत्महत्या कर ली है। गुरुवार की सुबह बरही हॉस्पिटल प्रांगण में मृतिका आरती के मायके पक्ष नदावन रहने वाले परिजन एकत्रित हुए, तब मृतिका की बड़ी बेटी 14 वर्षीय आकृति बड़गैंया ने सारे घटनाक्रम से राज खोलते हुए बताया कि उसके पापा ने मम्मी के साथ मारपीट की, फिर तीनों बच्चो को दूसरे कमरे सोने के लिए भेज दिया। रात 11 बजे बच्चों को जगाकर आरोपी ने बताया कि मम्मी फांसी के फंदे में झूल गई है।



मृतका आरती बड़गैयां।



बरही अस्पताल में आरोपी फौजी से मारपीट करते मायके पक्ष के लोग।



आरोपी फौजी ऋषि बड़गैयां।



आरोप लगाती फौजी की बेटी आकृति बड़गैयां।

## बरही के फारेस्ट कालोनी क्षेत्र में सनसनीखेज वारदात

### मोहल्ले की बात को लेकर हुआ विवाद

रिटायर्ड फौजी की काली करतूत बयां करते हुए उसकी बेटी आकृति ने यह भी बताया कि बुधवार की रात मोहल्ले की किसी बात को लेकर मम्मी-पापा के बीच विवाद हुआ, जिससे आक्रोशित आरोपी ने आरती के साथ पहले मारपीट की, फिर गला दबाकर हत्या कर दी, बाद में फांसी में लटकाया गया।

### सीसीटीवी फुटेज कर दिए डिलीट

आरोपी ऋषि बड़गैंया के घर मे 4 सीसीटीवी कैमरे लगे है। जिसमें सारा घटनाक्रम कैद हुआ होगा। आरोपी की बेटी आकृति ने यह भी बताया कि रात 9 बजे से 11 बजे के बीच सारा विवाद हुआ है। रात 9 बजे से सुबह 3 बजे तक कि रिकार्डिंग भी पापा ने साक्ष्य मिटाने के लिए डिलीट कर दी है। सारे कैमरे ऑनलाइन मोबाइल से कनेक्ट थे।

### आरोपी पर टूट पड़े आक्रोशित परिजन

सारे घटनाक्रम की दास्तां सुनते ही मृतिका के मायके पक्ष के लोग आक्रोशित हो गए। आक्रोश इतना बढ़ा की अस्पताल परिषर में बैठे आरोपी ऋषि बड़गैंया के ऊपर लोग टूट पड़े। मौके पर मौजूद एसआई सीताराम बागरी ने बीच-बचाव कर आरोपी को थाना भेज दिया।

### हत्या या आत्महत्या, पड़ताल कर रही पुलिस

मृतका आरती ने पति की प्रताड़ना से तंग आकर फांसी के फंदे में झूली या फिर आरोपी ने उसे मौत के घाट उतार दिया। पोस्टमार्टम उपरान्त शव परिजनों के सुपुर्द करते हुए बरही पुलिस सारे पहलुओं की पड़ताल गंभीरता से करने में जुट गई है। हालांकि आरोपी की बेटी जो राज बता रही है, सीसीटीवी फुटेज डिलीट होना इस बात की ओर साफ इशारा है कि आरोपी ने वारदात को अंजाम देने के बाद साक्ष्य मिटाते हुए पूरे घटनाक्रम को आत्महत्या करार देने का कारनामा किया है। बहरहाल पुलिस जांच के उपरांत ही वारदात की सच्चाई सामने आएगी।

## तेल कारोबारी के साथ ढाई लाख की लूट

### आंखों में मिर्ची झोंककर इमलिया रोड में वारदात

**कटनीए यशभारत। माधवनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत इमलिया रोड में एक तेल कारोबारी के साथ लूट का सनसनीखेज मामला सामने आया है। तीन अज्ञात बदमाशों ने व्यापारी पर चाकू अड़ाकर आंखों में मिर्ची झोंकी और बैग छीनकर भाग गए। इस दौरान जब पीड़ित ने बैग छुड़ाने का प्रयास किया तो आरोपियों ने चाकू से हमला कर दियाए जिससे उसे चोट आई है।**

शिकायत पर पुलिस ने मामले को जांच में लिया है। जानकारी के अनुसार 26 सितंबर की रात करीब 8.15 बजे इमलिया रोड पर तेल व्यवसायी दीपक गोयल (40) निवासी एमइएस कॉलोनी को अज्ञात तीन युवकों ने आंखों में मिर्ची झोंककर चाकू की नोक से बैग छीन लिया। पीड़ित ने बताया कि बैग में करीब ढाई लाख रुपए नकद एवं व्यवसाय से संबंधित महत्वपूर्ण दस्तावेज थे। चाकू लगने से दीपक को मामूली चोट पहुंची है। घटना के बाद अज्ञात लुटेरे बैग लेकर फरार हो गए हैं। सवा लाख रुपए जेब में रखे थे वह बच गए हैं। माधव नगर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है, लेकिन अभी तक लुटेरों का कोई सुराग नहीं लग पाया है। थाना प्रभारी विजय विश्वकर्मा ने बताया कि प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। घटना के वास्तविक कारणों का पुलिस पता लगा रही है।

## दीपावली व छठ पर्व के दौरान होगा कई स्पेशल ट्रेनों का परिचालन

### यात्री दबाव नियंत्रित करने रेलवे ने लिया फैसला,कटनी होकर चलेंगी कुछ स्पेशल ट्रेनें



**कटनी, यशभारत।** सोमवार से शुरू हुए नवरात्र पर्व सहित आगामी दीपावली व छठ पर्व के दौरान ट्रेनों में होने वाली यात्रियों की भीड़ को नियंत्रित करने रेलवे के द्वारा कई स्पेशल ट्रेनों को चलाए जाने की घोषणा की गई है। जिसमें से कुछ ट्रेनों का परिचालन कटनी जंक्शन होकर किया जा रहा है। कटनी होकर चलने वाली स्पेशन ट्रेनों में छत्रपति शिवजी महराज टर्मिनस-मालदा टाउन-छत्रपति शिवजी महराज टर्मिनस, लोकमान्य तिलक टर्मिनस-समस्तीपुर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस, रानी कमलापति-दानापुर-रानी कमलापति व जबलपुर-दानापुर-जबलपुर स्पेशल ट्रेन शामिल है।

### सीएसटीएम-मालदा स्पेशल ट्रेन

छत्रपति शिवजी महराज टर्मिनस-मालदा टाउन-छत्रपति शिवजी महराज टर्मिनस के मध्य दो-दो ट्रिप स्पेशल ट्रेन चलाई जाएगी। जिसमें गाड़ी संख्या 01031 सीएसएमटी से मालदा टाउन स्पेशल ट्रेन 17 अक्टूबर एवं 24 अक्टूबर को सीएसएमटी स्टेशन से 11:05 बजे प्रस्थान कर इटारसी 22:25 बजे, पिपरिया 23:30 बजे पहुंचकर अगले दिन जबलपुर 01:40 बजे, कटनी 03:05 बजे, सतना 04:35 बजे और तीसरे दिन 00:45 बजे मालदा टाउन स्टेशन पहुंचेगी। इसी प्रकार वापसी में गाड़ी संख्या 01032 मालदा टाउन से सीएसएमटी स्पेशल ट्रेन 19 अक्टूबर एवं 26 अक्टूबर को मालदा टाउन स्टेशन से 12:20 बजे प्रस्थान कर अगले दिन सतना 05:10 बजे, कटनी 06:30 बजे, जबलपुर 08:05 बजे, पिपरिया 10:38 बजे, इटारसी 12:25 बजे और तीसरे दिन 03:50 बजे सीएसएमटी स्टेशन पहुंचेगी। इस गाड़ी में 02 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी, 08 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 04 शयनयान श्रेणी, 04 सामान्य श्रेणी, 01 एसएलआरडी एवं 01 जनरेटर कार सहित कुल 20 कोच रहेंगे। रास्ते में यह गा ?ी दोनों दिशाओं में दादरए कल्याणए नासिक रोड, भुसावल, खण्डवा, इटारसी, पिपरिया, जबलपुर, कटनी, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर, पण्डित दीनदयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा, पटना, बख्तियारपुर, किउल, अभयपुर, जमालपुर, सुल्तानगंज, भागलपुर, कहलगांव, साहिबगंज, बरहरवा एवं न्यू फरक्का स्टेशनों पर रुकेगी।

### रानी कमलापति-दानापुर स्पेशल ट्रेन

रानी कमलापति-दानापुर-रानी कमलापति के मध्य तीन-तीन ट्रिप स्पेशल ट्रेन चलाई जाएगी। जिसमें गाड़ी संख्या गाड़ी संख्या 01663 रानी कमलापति से दानापुर स्पेशल ट्रेन 21 अक्टूबर, 26 अक्टूबर एवं 31 अक्टूबर को रानी कमलापति स्टेशन से 14:20 बजे प्रस्थान कर होशंगाबाद 15:20 बजे, इटारसी 15:50 बजे, पिपरिया 17:10 बजे, नरसिंहपुर 18:33 बजे, जबलपुर 19:35 बजे, सिहोरा रोड 20:23 बजे, कटनी 21:00 बजे, मैहर 21:48 बजे, सतना 22:35 बजे अगले दिन प्रयागराज छिवकी 01: 55 बजे और 08:45 बजे दानापुर स्टेशन पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 01664 दानापुर से रानी कमलापति स्पेशल ट्रेन 22 अक्टूबर, 27 अक्टूबर एवं 01 नवंबर को दानापुर स्टेशन से 12:45 बजे प्रस्थान कर अगले दिन सतना 00:55 बजे, मैहर 01:28 बजे, कटनी 02:30 बजे, सिहोरा रोड 03:13 बजे, जबलपुर 03:50 बजे, नरसिंहपुर 05:00 बजे, पिपरिया 06:10 बजे, इटारसी 07:10 बजे, होशंगाबाद 07:53 बजे और 09:50 बजे रानी कमलापति स्टेशन पहुंचेगी। इस गाड़ी में 02 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी, 01 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 10 शयनयान श्रेणी, 04 सामान्य श्रेणी, 01 एसएलआरडी एवं 01 जनरेटर कारसहित कुल 19 कोच रहेंगे। रास्ते में यह गाड़ी दोनों दिशाओं में होशंगाबाद, इटारसी, पिपरिया, नरसिंहपुर, जबलपुर, सिहोरा रोड, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर एवं आरा स्टेशनों पर रुकेगी।

### लोमति-समस्तीपुर स्पेशल ट्रेन

लोकमान्य तिलक टर्मिनस-समस्तीपुर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस के मध्य चार-चार ट्रिप द्विसाप्ताहिक स्पेशल ट्रेन चलाई जाएगी। जिसमें गाड़ी संख्या 01043 एलटीटी से समस्तीपुर स्पेशल ट्रेन चार ट्रिप के लिए 20 अक्टूबर, 23 अक्टूबर, 27 अक्टूबर एवं 30 अक्टूबर को एलटीटी स्टेशन से 12:15 बजे प्रस्थान कर अगले दिन इटारसी 00:20 बजे, पिपरिया 01:40 बजे, जबलपुर 04:30 बजे, कटनी 07:00 बजे, मैहर 07:42 बजे, सतना 08:25 बजे और 21:15 बजे समस्तीपुर स्टेशन पहुंचेगी। इसी प्रकार वापसी में गाड़ी संख्या 01044 समस्तीपुर से एलटीटी स्पेशल ट्रेन चार ट्रिप के लिए 21 अक्टूबर, 24 अक्टूबर, 28 अक्टूबर एवं 31 अक्टूबर को समस्तीपुर स्टेशन से 23:30 बजे प्रस्थान कर अगले दिन सतना 12:10 बजे, मैहर 12:50 बजे, कटनी 13:40 बजे, जबलपुर 15:25 बजे, पिपरिया 17:58 बजे, इटारसी 19:55 बजे और तीसरे दिन 07:40 बजे एलटीटी स्टेशन पहुंचेगी। इस गाड़ी में 02 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी, 08 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 04 शयनयान श्रेणी, 04 सामान्य श्रेणी, 01 एसएलआरडी एवं 01 जनरेटर कार सहित कुल 20 कोच रहेंगे। रास्ते में यह गाड़ी दोनों दिशाओं में कल्याण, नासिक रोड, भुसावल, खण्डवा, इटारसी, पिपरिया, जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर, पण्डित दीनदयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, हाजीपुर एवं मुजफ्फुरपुर स्टेशनों पर रुकेगी।

### जबलपुर-दानापुर स्पेशल ट्रेन

जबलपुर-दानापुर-जबलपुर के मध्य एक-एक ट्रिप स्पेशल ट्रेन चलाई जाएगी। जिसमें गाड़ी संख्या 01705 जबलपुर से दानापुर स्पेशल ट्रेन 27 अक्टूबर को जबलपुर से 19:45 बजे प्रस्थान कर सिहोरा रोड 20:23 बजे, कटनी 21:00 बजे, मैहर 21:48 बजे, सतना 22:35 बजे अगले दिन प्रयागराज छिवकी 01:55 बजे और 08:45 बजे दानापुर स्टेशन पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 01706 दानापुर से जबलपुर स्पेशल ट्रेन 28 अक्टूबर को दानापुर स्टेशन से 12:45 बजे प्रस्थान कर अगले दिन सतना 00:55 बजे, मैहर 01:28 बजे, कटनी 02:30 बजे, सिहोरा रोड 03:13 बजे और 04:15 बजे जबलपुर स्टेशन पहुंचेगी। इस गाड़ी में 01 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी, 05 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 09 शयनयान श्रेणी एवं 02 एसएलआरडी सहित कुल 17 कोच रहेंगे। रास्ते में यह गाड़ी दोनों दिशाओं में सिहोरा रोड, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर एवं आरा स्टेशनों पर रुकेगी।

## कंचनपुर से सबमर्सिबल पंप चोरी

**कटनी, यशभारत।** स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कंचनपुर कैमोरी में पंप चोरी का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार नरेन्द्र साहू निवासी कंचनपुर कॉलोनी स्लीमनाबाद के यहां से अज्ञात बदमाशों ने समर्सिबल पंप पार कर दिया है। शिकायत पर पुलिस ने मामले को जांच में लिया है।

## बस स्टेंड से बाइक पार

**कटनी, यशभारत।** कुठला थाना क्षेत्र अंतर्गत बस स्टैन्ड से एक मोटरसाइकिल चोरी का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार रामसिंह गौड निवासी पन्ना मोड़ मानस मडल स्कूल के पास की अज्ञात बदमाश ने 40 हजार रुपए कीमती मोटरसाइकिल बस स्टैंड के पास से पार कर दी है। शिकायत पर पुलिस ने मामले को जांच में लिया है।


**प्लाट बेचना है**

दुबे कालोनी, जागृति कालोनी एवं पीयूष स्कूल के पास में बहुत ही किफायती दामों में प्लाट बेचना है।

**संपर्क धर्मेंद्र तिवारी मो. 9827340910**

**प्लाट बिकाऊ हैं**

राय कॉलोनी, शांतिनगर, बारह बंगला एवं समदड़िया सिटी के पास प्लाट बिकाऊ हैं।

रेट 1000/- से 1200/- तक

अधिक जानकारी हेतु संपर्क करें - मो. 9993705740

**कटनी की प्रथम अत्याधुनिक**

32-96 स्लाइस की मशीन

**एडवांस्ड**

सिटी स्कैन एवं एक्सरे सेन्टर

शिशु रोग विशेषज्ञ

डॉ. अशोक चौदहा की क्लीनिक के सामने

आधुनिक टेक्नालाजी अपनाएं, बेहतर रिजल्ट पाएं

जालपा वार्ड, घंटाघर रोड, कटनी

9893723087,8319994375, 8103404843 फोन 07622-494511












स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा जनपक्ष प्रिंटिंग एवं पब्लिशिंग, गोपालबाग जबलपुर-2 से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/22-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायलयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)